दैनिक
डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!
Digital Daily News Paper
# लोकतंत्र की आवाज

आवश्यकता
सुपौल, सीतामढ़ी
मधुबनी, बेगूसराय, मुंगेर, जमुई,
के लिए संवाददाता सह विज्ञापन प्रतिनिधि के रूप में काम करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
9525278483, 6200031466

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा गुरुवार 20 जून 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 510

## संक्षिप्त खबरें ।

### रुपौली विधानसभा उपचुनाव का घमासान, राजद ने बीमा भारती पर खेला दाव, लालू ने थमाया सिंबल, एनडीए ने कलाधर मंडल को मैदान में उतारा



लोक तंत्र की आवाज

**पटना।** रुपौली विधानसभा में होने वाले उपचुनाव के लिए राजनीतिक तापमान चरम पर है. एनडीए और इंडी गठबंधन ने इसे नाक की लड़ाई बना लिया है. रुपौली उपचुनाव के लिए राजद ने बीमा भारती को मैदान में उतारा है. बीमा भारती पहले रुपौली से जदयू की विधायक थीं, उन्होंने अपने पद से इस्तीफा देकर राजद के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ा था और पप्पू यादव से हार गई थीं. अब फिर से राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने बीमा भारती को रुपौली उपचुनाव के लिए मैदान में उतारा है. उन्होंने लालू यादव से पार्टी का सिंबल लिया है. बीमा भारती बुधवार यानी आज नामांकन दाखिल कर सकती हैं. बीमा के नामांकन में इंडी गठबंधन के बड़े नेता मौजूद रहेंगे।

रूपौली उपचुनाव के लिए प्रत्याशी 14 जून से 21 जून तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे. 24 जून को स्क्रूटनी और 26 जून को नाम वापसी की तिथि है. रुपौली में 10 जुलाई को मतदान होना है.13 जुलाई को मतगणना होगी।

एनडीए ने जदयू ने कलाधर मंडल को अपना यहां से मैदान में उतारा है. वहीं इंडी गठबंधन की तरफ से राजद ने बीमा भारती पर दाव खेला हबै. रुपौली की सीट बीमा भारती के इस्तीफा से खाली हुई थी. बीमा ने जदयू का दामन छोड़ कर राजद का पल्ला पकड़ कर पूर्णिया से लोकसभा का चुनाव लड़ा थी जिसमें में परास्त हो गई थीं। 21 जून नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि है. जबकि 24 जून को नामांकन पत्रों की जांच होगी. 26 जून तक नाम वापस लिए जाएंगे. 10 जुलाई को वोट डाले जाएंगे और 13 जुलाई को मतगणना होगी।

# राहुल गांधी के दावे से खलबली! इंडिया के संपर्क में एनडीए के लोग

लोक तंत्र की आवाज

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली एनडीए की सरकार बन गई है. लेकिन, इस बार के चुनाव में बीजेपी को पिछली बार के मुकाबले 63 सीटें कम मिली हैं और पार्टी 240 सीटें ही जीत पाई है. यहीं वजह है कि मोदी सरकार बनने के बाद भी विपक्ष लगातार हमलावर है. अब एक बार फिर राहुल गांधी ने निशाना साधा है और दावा किया है कि मोदी सरकार को अपना अस्तित्व बचाए रखने के लिए 'संघर्ष' करना पड़ेगा।

**हमारे संपर्क में एनडीए के लोगः राहुल गांधीः** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक इंटरव्यू में बिना कोई नाम बताए यह भी दावा किया है कि नरेंद्र मोदी खेमे के लोग इंडिया ब्लॉक के साथ 'संपर्क' में हैं. एक छोटी सी गड़बड़ी भी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को अस्थिर कर सकती है, जिसने बीजेपी के नेतृत्व में सरकार बनाई है. इसके साथ ही राहुल गांधी ने यह भी दावा किया कि एनडीए में शामिल क्षेत्रीय दलों में 'भारी असंतोष' है. इस वजह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को अस्तित्व में रहने के लिए 'संघर्ष' करना पड़ेगा।

**छोटी सी गड़बड़ी गिरा सकती है सरकारः राहुलः** मीडिया को दिए इंटरव्यू में राहुल गांधी ने कहा, 'मोदी सरकार में संख्या ऐसी है कि बहुत नाजुक स्थिति में है और छोटी सी गड़बड़ी सरकार गिरा सकती है. इसके लिए सिर्फ एक सहयोगी को दूसरी तरफ मुड़ना होगा.' हालांकि, राहुल गांधी ने अपने दावों के बारे में और विस्तार से बताने से इनकार कर दिया,।

**मोदी की छवि नष्ट हो गई हैः राहुल गांधीः** लोकसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक की बढ़त दर्शाते हुए राहुल गांधी ने कहा, 'बीजेपी का बुनियादी ढांचा और धार्मिक वैमनस्यता फैलाने की उनकी विचारधारा चरमरा गई है. भारतीय राजनीति में एक बड़ा बदलाव आया है. यही वजह है कि इस बार सत्तारूढ़ गठबंधन संघर्ष करेगा, क्योंकि 2014 और 2019 में नरेंद्र मोदी के लिए जो काम आया, वह इस बार काम नहीं कर रहा है.' उन्होंने आगे कहा, 'नरेंद्र मोदी का विचार और मोदी की छवि नष्ट हो गई है।

**इस बार बीजेपी को नहीं मिला बहुमतः** बता दें कि 4 जून को घोषित हुए लोकसभा चुनाव के नतीजों में एनडीए ने 293 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करते हुए केंद्र में लगातार तीसरी बार जीत हासिल की. लेकिन, भारतीय जनता पार्टी (इखढ) ने अपना बहुमत खो दिया और वो 240 सीट ही जीत पाई, जिससे उसे सत्ता में बने रहने के लिए छोटी पार्टियों पर निर्भर रहना पड़ा. बीजेपी को सत्ता से हटाने के लिए गठित इंडिया गठबंधन ने 234 सीटें जीतकर चौंका दिया. इसमें कांग्रेस ने अकेले 99 सीटों पर जीत दर्ज की और इस रिजल्ट ने राहुल गांधी को विपक्षी राजनीति में सबसे आगे खड़ा कर दिया।

**बीजेपी का अयोध्या में ही हो गया सफायाः** राहुल गांधी ने नफरत की राजनीति पर बात करते हुए कहा, 'यह विचार कि आप नफरत फैला सकते हैं, आप गुस्सा फैला सकते हैं और आप उसका लाभ उठा सकते हैं- भारतीय लोगों के पास है इस चुनाव में इसे खारिज कर दिया. भाजपा का धार्मिक घृणा पैदा करने का विचार ध्वस्त हो गया है.' उन्होंने आगे कहा, 'जिस पार्टी ने पिछले 10 साल अयोध्या के बारे में बात करने में बिताए, उसका अयोध्या में सफाया हो गया है।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खेमे में हैं असंतोष



### रायबरेली सीट से सांसद बने रहेंगे राहुल गांधी

बता दें कि इस बीच राहुल गांधी ने वायनाड सीट छोड़ने और रायबरेली सीट बरकरार रखने का फैसला किया है. अब उनकी बहन प्रियंका गांधी वायनाड सीट से चुनाव लड़ेंगी. बता दें कि राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव में दोनों सीटों से जीत दर्ज की थी, लेकिन भारतीय संविधान के अनुसार एक व्यक्ति को संसद में केवल एक सीट का प्रतिनिधित्व करने की अनुमति दी गई है. अगर प्रियंका गांधी वायनाड से जीतती हैं तो नेहरू-गांधी परिवार के तीन सदस्य संसद में होंगे. सोनिया गांधी राज्यसभा में सांसद हैं, जबकि राहुल गांधी लोकसभा में सांसद हैं. हालांकि, इसके बाद भाजपा को एक बार फिर 'वंशवाद' पर हमला करने का एक और मौका मिल सकता है।

## अयोध्या राम मंदिर में तैनात सुरक्षा कर्मी की गोली लगने से मौत



लोक तंत्र की आवाज

**अयोध्या।** यूपी के अयोध्या राम मंदिर से बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां राम मंदिर की सुरक्षा में तैनात जवान की गोली लगने से मौत हो गई है। वहीं इस घटना के बाद मंदिर परिसर में हड़कंप मच गया है। दरअसल, अयोध्या में राम मंदिर की सुरक्षा में तैनात स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स के एक जवान की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई। गोली कैसे लगी यह अभी तक साफ नहीं है।

सूचना मिलते ही आईजी-एसएसपी सहित पुलिस के कई आला अफसर मौके पर पहुंचे चुके हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। बताया जा रहा है कि जवान अंबेडकर नगर का रहने वाला था। बुधवार की सुबह-सुबह अचानक गोली चलने की आवाज से श्री राम जन्म भूमि परिसर में हड़कंप मच गया। फिलहाल कुछ भी साफ तौर पर नहीं कहा जा रहा। जवान की मौत की खबर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया।

● **तीन महीने में दूसरे जवान की गई जान, परिसर में मचा हड़कंप**

जानकारी अनुसारजवान का नाम शत्रुघ्न विश्वकर्मा था। उसकी उम्र 25 साल के करीब बताई जा रही है। गोली चलने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे साथी सुरक्षाकर्मियों ने उसे वहां खून से लथपथ हाल में देखा तो आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां से घायल जवान को ट्रामा सेंअर रेफर कर दिया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जवान की मौत की सूचना से राम मंदिर परिसर में हड़कंप मच गया है। अयोध्?या के आईजी और एसएसपी सहित पुलिस के तमाम बड़े अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को भी वहां बुला लिया है। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्?थल पर जांच पड़ताल की वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ज्ञात हो कि तीन महीने पहले भी राम मंदिर परिसर में एक जवान की गोली लगने से मौत हो गई थी।

# 815 सालों बाद लौटा गौरव, प्रधानमंत्री मोदी बोले-नालंदा एक नाम नाम पहचान है

लोक तंत्र की आवाज



**पटना।** नालंदा यूनिवर्सिटी के नए कैंपस का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि तीसरी बार प्रधानमंत्री का कार्यकाल संभालने के 10 दिनों के अंदर बिहार के नालंदा पहुंचा हूं. नालंदा आना मेरा सौभाग्य है. नालंदा एक नाम नहीं पहचान है. आग लपटों में भले ही किताबें जल गयी हो लेकिन ज्ञान नहीं मिटाया जा सकता है. नालंदा का यह नया कैंपस विश्व को भारत के सामर्थ्य का परिचय देगा।

नालंदा यूनिवर्सिटी के नए कैंपस का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि तीसरी बार प्रधानमंत्री का कार्यकाल संभालने के 10 दिनों के अंदर बिहार के नालंदा पहुंचा हूं. नालंदा आना मेरा सौभाग्य है. नालंदा एक नाम नहीं पहचान है. आग लपटों में भले ही किताबें जल गयी हो लेकिन ज्ञान नहीं मिटाया जा सकता है. नालंदा का यह नया कैंपस विश्व को भारत के सामर्थ्य का परिचय देगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नालंदा यूनिवर्सिटी के नए कैंपस का उद्घाटन कर दिया है. उद्घाटन से पहले पीएम मोदी नालंदा खंडहर घूमने के बाद नालंदा यूनिवर्सिटी कैंपस में पौधारोपण भी किया. वहीं अब से थोड़ी देर बाद पीएम मोदी नालंदा यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स को संबोधित भी करने वाले हैं. बता दें, नालंदा यूनिवर्सिटी का निर्माण 455 एकड़ में किया गया।

वर्तमान समय मे नालंदा विश्वविद्यालय में कुल 17 देश के 400 विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं. स्नातकोत्तर एवं पीएचडी के कुल सात विषयों की पढ़ाई हो रही है. जबकि दो विषय इस शैक्षणिक सत्र से शुरू होने वाला है. वहीं डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स के लिए कुछ 10 विषयों की पढ़ाई हो रही है।

# आग की लपटें किताबें जला सकती हैं, ज्ञान नहीं, नालंदा यूनिवर्सिटी में पीएम नरेन्द्र मोदी के भाषण

लोक तंत्र की आवाज



**नालंदा।** लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार बिहार पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने राजगीर स्थित अंतर्राष्ट्रीय नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया। उन्होंने आशा जताई कि नालंदा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए आने वाले दिन महत्वपूर्ण हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि आग की लपटों में पुस्तकें भले ही जल जाएं, लेकिन ज्ञान को नहीं मिटा सकते। प्रधानमंत्री बिहार के राजगीर में अंतरराष्ट्रीय नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर के उद्घाटन समारोह पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार बिहार पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने राजगीर स्थित अंतर्राष्ट्रीय नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया। इस मौके पर बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विदेश मंत्री जयशंकर, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी उपस्थित थे। आइए, जानते हैं नालंदा में पीएम मोदी के भाषण की 10 बड़ी बातें क्या रहीं?

पीएम मोदी ने कहा कि यह नया कैंपस, विश्व को भारत के सामर्थ्य का परिचय देगा। नालंदा बताएगा जो राष्ट्र, मजबूत मानवीय मूल्यों पर खड़े होते हैं वो राष्ट्र इतिहास को पुनर्जीवित कर बेहतर भविष्य की नींव रखना जानते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नालंदा केवल भारत के ही अतीत का पुनर्जागरण नहीं है, इसमें विश्व और एशिया के कितने ही देशों की विरासत जुड़ी हुई है। पीएम मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय के पुनर्निर्माण की भागीदारी में भारत के मित्र देशों का अभिनंदन किया।

पीएम मोदी ने कहा, ₹नालंदा केवल एक नाम नहीं है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है। नालंदा इस सत्य का उद्घोष है कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। उन्होंने आशा जताई कि नालंदा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए आने वाले दिन महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने छात्रों से अपील करते हुए कहा कि आप अपने ज्ञान को समाज को एक सकारात्मक बदलाव के लिए प्रयोग करिए।

# प्रियंका ने जिस तरह पीएम को जवाब दिया, एक्सपर्ट ने बताया, कांग्रेस को क्या मिला?

लोक तंत्र की आवाज

**नई दिल्ली।** प्रियंका के में चेहरे में प्रशंसकों और समर्थकों को इंदिरा गांधी की छवि दिखाई देती है. 2024 के लोकसभा चुनाव में जिस तरह से उन्होंने प्रचार किया और नतीजे आए शायद यही वजह है कि अब कांग्रेस पार्टी उन्हें पहली बार चुनावी लड़ाने जा रही है. हां, वो कोई और नहीं प्रियंका गांधी हैं. जब से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राहुल गांधी के रायबरेली से सांसद बने रहने और प्रियंका के वायनाड से चुनाव लड़ने की घोषणा की है, लोगों की जुबान पर प्रियंका का नाम है।

**ना अमेठी ना रायबरेली, ना बनारसः** 2019 में ही वह सक्रिय राजनीति में आ गई थीं. कभी प्रियंका गांधी के अमेठी, तो कभी रायबरेली, यहां तक कि वाराणसी लोकसभा सीट से भी चुनाव लड़ने की अटकलें लगाई जाती रहीं. अब वह वायनाड सीट से उपचुनाव लड़ेंगी. प्रियंका (52) केरल की इस हाई प्रोफाइल बन चुकी सीट से चुनावी राजनीति में पदार्पण करेंगी. केरल एक ऐसा राज्य है, जहां कांग्रेस ने 2019 के साथ-साथ 2024 के लोकसभा चुनावों में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। सक्रिय राजनीति में आने के बाद जनवरी 2019 में उन्हें महत्वपूर्ण पूर्वी उत्तर प्रदेश का प्रभारी महासचिव बनाया गया और फिर पूरे राज्य का प्रभारी महासचिव बनाया गया. हालांकि 2019 के चुनावों में कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा, लेकिन प्रियंका ने जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने के अपने प्रयास जारी रखे. दिसंबर 2023 में प्रियंका को बिना पोर्टफोलियो महासचिव बनाया गया और वह कांग्रेस की प्रमुख रणनीतिकार और बाद में 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए



पार्टी की स्टार प्रचारक के रूप में उभरीं।

सक्रिय राजनीति में आने के बाद जनवरी 2019 में उन्हें महत्वपूर्ण पूर्वी उत्तर प्रदेश का प्रभारी महासचिव बनाया गया और फिर पूरे राज्य का प्रभारी महासचिव बनाया गया. हालांकि 2019 के चुनावों में कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा, लेकिन प्रियंका ने जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने के अपने प्रयास जारी रखे. दिसंबर 2023 में प्रियंका को बिना पोर्टफोलियो महासचिव बनाया गया और वह कांग्रेस की प्रमुख रणनीतिकार और बाद में 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी की स्टार प्रचारक के रूप में उभरीं।उन्होंने संगठन को मजबूत करने में भी मदद की. हिमाचल प्रदेश में पार्टी के प्रचार अभियान का नेतृत्व किया और राज्य में पार्टी को सत्ता में लाने में मदद की।

### ... तो पूरा गांधी परिवार होगा संसद में

अगर प्रियंका गांधी लोकसभा उपचुनाव जीत जाती हैं, तो यह पहली बार होगा कि सोनिया, राहुल और प्रियंका तीनों एक साथ संसद में होंगे. सोनिया गांधी फिलहाल राजस्थान से राज्यसभा सदस्य हैं. लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के आश्चर्यजनक रूप से अच्छे प्रदर्शन के साथ, प्रियंका गांधी ने पार्टी के एक करिश्माई नेता के रूप में अपनी स्थिति भी मजबूत कर ली है. 24 अकबर रोड' सहित कई किताबें लिखने वाले राजनीतिक मामलों के जानकार रशीद किदवई ने कहा, 'कांग्रेस लंबे समय से एक प्रभावी प्रचारक की तलाश में थी और 2024 के चुनाव में प्रियंका गांधी ने जिस तरह से मोदी को जवाब दिया है, वह आश्चर्यजनक विकल्प के तौर पर उभरी हैं.

# इजराइल का हिजबुल्लाह पर बड़ा हमला आतंकी मोहम्मद मुस्तफा को मार गिराया

लोक तंत्र की आवाज

**इजरायल।** आईडीएफ के अनुसार, इजरायली वायु सेना के एक विमान ने सोमवार को दक्षिणी लेबनान के सेला क्षेत्र में हिजबुल्लाह की नासिर यूनिट के रॉकेट और मिसाइल विभाग के प्रमुख आतंकवादी मुहम्मद मुस्तफा अयूब पर हमला किया और उसे मार गिराया।

पिछले कुछ महीनों में, अयूब इजरायली नागरिकों और समुदायों के खिलाफ आतंकवादी हमलों को बढ़ावा देने में शामिल था. उसने दक्षिणी लेबनान से इजराइल के खिलाफ आतंकवादी हमलों को बढ़ावा दिया और योजना बनाई।



**आतंकवादी हमलों को बढ़ावाः** इससे पहले सोमवार को, भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने दक्षिणी लेबनान के मीस अल जबल इलाके में हिजबुल्लाह के आतंकी ढांचे और एक सैन्य ढांचे पर हमला किया था. पिछले कुछ महीनों में, अयूब इजराइली नागरिकों और समुदायों के खिलाफ आतंकवादी हमलों को बढ़ावा देने में शामिल था. उसने दक्षिणी लेबनान से इजराइल के खिलाफ आतंकवादी हमलों को बढ़ावा दिया।

**मुहम्मद मुस्तफा अयूब का खात्माः** बता दें कि मुहम्मद मुस्तफा अयूब का खात्मा इजराइली सुरक्षा बलों का हिजबुल्लाह के सैन्य निर्माण और इजराइली नागरिकों और समुदायों के खिलाफ आतंकवादी हमलों में उपयोग के लिए हथियारों के भंडार को बाधित करने का बड़ा कदम है. इसके अलावा, सोमवार को भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने दक्षिणी लेबनान के मीस अल जबल क्षेत्र में हिजबुल्लाह के आतंकी ढांचे पर हमला किया था।

# अब खुलेगा नीट पेपर लीक का राज? 2 घंटे तक चली पूछताछ ईओयू के सवाल पर कहा-हमारा इससे कोई लेना-देना नही

लोक तंत्र की आवाज



**पटना।** नीट यूजी पेपर लीक मामला तूल पकड़ता जा रहा है. इसी कड़ी में बिहार की आर्थिक अपराई इकाई (ईओयू) की तरफ से नोटिस मिलने के बाद दो कैंडिडेट पटना स्थित एजेंसी के दफ्तर पहुंचे, जहां उनसे करीब 2 घंटे तक पूछताछ की गई. इस दौरान एजेंसी ने उनसे सॉल्वर गैंग के लोगों से संपर्क करने को लेकर सवाल किया.

उन्होंने पूछा, 'क्या आपके संबंध या आपने कभी प्रश्न पत्र लीक करने वाले गिरोह के साथ-साथ सॉल्वर गैंग से आपने संपर्क किया था?' बता दें कि एडव ने इन दोनों अभ्यर्थियों के साथ कुल नौ लोगों को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था. पूछताछ के दौरान दोनों ने अपने बारे में पूरी जानकारी एडव को दी। इन दोनों अभ्यर्थियों ने एडव को कहा कि इस पूरे मामले से हमारा कोई संबंध नहीं है. हालांकि एजेंसी अब उनके बयान की जांच करेगी. बता दें कि ईशा शर्मा नाम की छात्रा भी दफ्तर पहुंची, जो कि बख्तियारपुर की रहने वाली है. दफ्तर में अभ्यर्थियों से पेपर लीक मामले में पूछताछ की जा रही है. इस पूरे मामले में एडव ने अभी तक कुल 9 अभ्यर्थियों को नोटिस भेजकर 18 और 19 जून को पूछताछ के लिए बुलाया था. हालांकि 18 जून को कोई भी अभ्यर्थी एडव के दफ्तर नहीं पहुंचा था।

बता दें कि नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी की जांच बिहार की ईओयू कर रही है. एनटीए की तरफ से दी गई कुछ जानकारी के आधार पर ईओयू ने कुछ अभ्यर्थियों की पहचान की थी. इसके बाद उन्हें पूछताछ के लिए नोटिस भेजा गया था. कुल 9 छात्रों को नोटिस भेजा गया, जिसमें से अभी तक केवल दो अभ्यर्थी पहुंचे हैं।

# देह चमकाने वालों की खैर नहीं! बिहार में अपराधियों को देखते ही मार दी जाएगी गोली', क्या है सीएम नीतीश के मंत्री का स्पेशल प्लान?

लोक तंत्र की आवाज



**पूर्णिया।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एक और मंत्री ने विवादित बयान दिया है. दरअसल बिहार के पूर्णिया के रुपौली उपचुनाव के दौरान भवानीपुर में एनडीए की जनसभा आयोजित की गई. इस मौके पर बिहार सरकार के भूमि व राजस्व मंत्री दिलीप जायसवाल का बयान काफी सुर्खियों में है. मंच से संबोधित करते हुए मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि अब कोई अपराधी नहीं बचेगा. बिहार सरकार ने कैबिनेट में फैसला किया है कि हर जिले में एसआईटी का गठन किया जाएगा. अब अपराधियों को देखते ही गोली मार दिया जाएगा।

दिलीप जायसवाल ने कहा कि जो लोग राइफल बंदूक रखते हैं और देह चमकाते हैं वैसे लोगों की अब खैर नहीं है. इसलिए किसी को भयभीत होने की जरूरत नहीं है. सरकार इस दिशा में काफी काम कर रही है. अब अपराधियों को देखते ही गोली मार दिया जाएगा. दिलीप जायसवाल ने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार और केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार ही गरीबों के लिए असली काम कर रही है. अपराधियों को नेस्तनाबूद कर दिया जाएगा, जो लोग राइफल बंदूक चमकाते हैं उनके लिए सरकार ने कठोर कार्रवाई करने जा रही है। उन्होंने कहा कि यहां कलाधर मंडल जदयू के प्रत्याशी हैं. अच्छे आदमी है उन्हें वोट देकर जिताए. दरअसल कल रुपौली के जदयू प्रत्याशी कलाधर मंडल ने धमदाहा में अपना नामांकन पर्चा भरा. इसके बाद भवानीपुर में एक जनसभा आयोजित की गई. इस मौके पर मंत्री लेसी सिंह, मंत्री दिलीप जायसवाल, पूर्व मुख्यमंत्री तार किशोर प्रसाद , पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा , बनमनखी विधायक कृष्ण कुमार ऋषि भी मंच पर मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### हिसुआ : डॉ. भरत सिंह के निधन पर बुजुर्गोंने शोक जताया

**हिसुआ**। राष्ट्रीय वरीय नागरिक संघ एवं मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान हसुआ नवादा के संयुक्त तत्वावधान में एक शोक सभा की गई जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष श्याम किशोर सिंह ने की। राजापुर बोध गया स्थित आवास पर हो गया ये मूल निवासी ग्राम-पचाढा हसुआ नवा दा के थे। [सिंह ने की। श्री सिंह अपने सम्बोधन में कहा कि डा भरत सिंह मगध विश्व विद्यालय हिन्दी के प्राध्यापक एवं मगही भाषा के विभागाध्यक्ष थे। इनका आकस्मिक निधन विगत सोमवार दिनांक 17जून को हो गई। वे अपने विद्वता के आधार अनेक पुस्तकों की रचना की। तथा मत्रही भाषा के उत्थान के लिए आजीवन प्रयत्नशील रहे । ऐसे मगही पुरोधा को शत् शत् नमन । दिवंगत आत्मा की शांति के लिए १ मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई जिससे उनके परिजनो को धैर्य धारण करने की क्षमता प्राप्त हो सके। इस अवसर पर सच्चिदानन्द पाडेय ' ललित किशोर शर्मा रामचन्द्र प्रसाद शर्मा रामदेव सिंह देवनन्द सिंह राजकुमार सिंह समचन्द्र प्रसाद सिंह चन्देश्वर प्रसाद रामेश्वर चौहान उमेश्वर महतो सुबोध कुमार अमित कुमार आदि दर्जनो सदस्योंने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।

### वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा विदेश मंत्री का अभिनंदन किया गया



**गया** ।विदेश मंत्री एस. जयशंकर, भारत सरकार के गया एयरपोर्ट आगमन के पश्चात, वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के द्वारा स्वयं उनका हार्दिक अभिनंदन करते हुए, उन्हे एक गुलाब पुष्प भेंट किया गया है।

### क्रिकेट मैच देखने के क्रम में मारपीट, छह नामजद

**वारिसलीगंज**। थाना क्षेत्र के भवानी बिगहा गांव में नाच गाना देखने के दौरान हुई मारपीट मामले में आधा दर्जन लोगो को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।शाहपुर थाना क्षेत्र के पार्वती ग्रामीण शैलेश कुमार द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में भवानी बिगहा गांव के रवि कुमार उर्फ रॉकी मुन्ना कुमार,सन्नी कुमार,मोनू कुमार,सतीश कुमार तथा विक्रम महतो को आरोपी बनाया गया है। प्राथमिकी में कहा गया है कि पिछले 12 जून को भवानी बिगहा गांव में क्रिकेट मैच का आयोजन किया जा रहा था।शैलेश भी कार्यक्रम देखने गया था। इसी क्रम में कुर्सी पर बैठने को लेकर आरोपियों द्वारा मारपीट कर जख्मी कर दिया गया। घटना को देख प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीणों ने बताया कि पार्वती गांव निवासी शैलेश कुमार दर्जनों हुडदंगियों को लेकर कार्यक्रम में पहुंचा था।और भारी विध्न बाधा डाल रहा था।मना करने पर अचानक हमला कर दिया।और उल्टा प्राथमिकी दर्ज करा डाली।

### नाबालिग लड़की को भगाने की प्राथमिकी दर्ज,पुलिस कर रही जांच

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)**। वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने नाबालिग लड़की को भगाने की प्राथमिकी दर्ज करायी है।स्थानीय थाने में उक्त नाबालिग के पिता द्वारा दिये गये आवेदन में कहा गया है कि बड़ी लड़की की शादी 18 महीने पहले वर्ष 2023 में हिंदू रीति रिवाज से लक्खीसराय जिले के सूर्यगढ़ा थाना क्षेत्र स्थित लय-पवय गांव निवासी अर्जुन सिंह के पुत्र दिवाकर कुमार के साथ हुई थी।आवेदन में कहा गया कि एक सप्ताह पूर्व पुत्री को दामाद दिवाकर द्वारा दहेज के रूप में बाइक मांगा गया, जिससे इनकार करने पर गाली गलौज व मारपीट की गयी।

# नवादा में एक और जदयू नेता व महादलित मुखिया पर ताबड़तोड़ फायरिंग, फायरिंग में मुखिया के भाई को लगी गोली, रेफर

**हमलावरों ने मुखिया के वाहन को भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया**

लोक तंत्र की आवाज़

**सुनील कुमार**

**नवादा** । नवादा में बेखौफ बदमाशों ने XUV कार पर सवार नारदीगंज पंचायत के महादलित मुखिया व जदयू नेता रणविजय पासवान पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दिया है. जिसके बाद अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया है। इस गोलीबारी में मुखिया के वश वाहन पर सवार उनके ममेरे भाई राजबली पासवान के बांह में गोली लगी है। वहीं हमलावरों ने मुखिया के वाहन को भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है। इस घटना में मुखिया बाल -बाल बच गए । गोलीबारी की घटना जिले के नारदीगंज थाना क्षेत्र के दललपुर गांव स्तिथ ईट भट्टा के पास की बताई जाती है। गोलीबारी में घायल राजबली पासवान को स्थानीय लोगों के सहयोग से आनन -फानन में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उन्हें चिकत्सक ने पावापुरी बीम्स रेफर कर दिया है। गोलीबारी में घायल राजबली पासवान बिहारशरीफ के नई सराय के बताए जाते है। पीड़ित नारदीगंज पंचायत के मुखिया रणविजय पासवान ने बताया की रात 11 बजे अपने ममेरे भाई के साथ अपनी ७५५ कार से घर गांव की ओर लौट रहे थे, तभी थाना क्षेत्र के दललपुर गांव में स्तिथ दललपुर ईट भट्टा के पास 4 की संख्या में रहे बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दिया है। पीड़ित मुखिया ने नारदीगंज थाना क्षेत्र के पड़पा गांव के निवासी मुकेश सिंह,



टून टून सिंह ,अरविंद सिंह और विक्की सिंह पर फायरिंग करने का आरोप लगाया है। पुरानी रंजिश को लेकर वाहन पर सवार मुखिया पर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई है। हालांकि इस गोलीबारी में नारदीगंज पंचायत के मुखिया रणविजय पासवान बाल -बाल बच गए है। मुखिया ने कहा इस गोलीबारी में उनका ममेरा भाई राजवली पासवान घायल हो गए है, जिनका इलाज चिकित्सक द्वारा जारी है। फिलहाल घटना की सूचना पर नारदीगंज थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुटी है। बता दे 13 जून की देर रात जिले के पकरीवराबा प्रखंड के बुधौली पंचायत के भी महादलित मुखिया पप्पू मांझी के सिर में गोली मारकर बेखौफ बदमाशों ने मुखिया को मौत के घाट उतार दिया था .जिसका उद्भेदन नवादा पुलिस ने कर दिया है. नवादा में एक सप्ताह के अंदर दो महादलित मुखिया पर गोली फायरिंग पर नवादा के महादलित नेताओं ने गहरा दुख व्यक्त किया है.भीम आर्मी के पूर्व जिलाध्यक्ष कमलेश राणा एवं चंदन चौधरी ने कहा महादलित क़ो मुखिया होना गुनाह है क्या ? आखिर क्यों एक सप्ताह के अंदर नवादा में दो मुखिया पर फायरिंग हुई .एक मुखिया पप्पू मांझी की



हत्या हो गयी ,दूसरा मुखिया बाल -बाल बच गए ,उनके ममेरे भाई जख्मी हुए .उन्होंने उच्च अधिकारियों से घटना की जांच कर उचित कार्रवाई करते हुए सुरक्षा का मांग किया है।

## नगर आयुक्त के निर्देश पर बक़रीद एवं नीर्जला एकादशी पर अच्छी व्यवस्था : आम आदमी




लोक तंत्र की आवाज़

**गया** । गया नगर निगम आयुक्त अभिलाषा शर्मा द्वारा बैठक कर गया नगर निगम के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए गए निर्देश के आलोक बकरीद पर्व के अवसर पर मुस्लिम बाहुल्य वार्ड , नमाज अदा करने वाले स्थानों पर अच्छी सफाई व्यवस्था, चुना ब्लीचिंग का छिरकाव, पेयजल की व्यवस्था कराई गई है। कुर्बानी के बाद निकलने वाले अपशिष्टों को यथा स्थान निष्पादित कराया गया बकरीद के अवसर पर जोन बनाकर सभी सफाई जोनल प्रभारी,मुख्य सफाई निरीक्षक ,सहायक ,सभी लोक स्वच्छता प्रभारी,नोडल पदाधिकारी सफाई की प्रतिनियुक्ति की गई थी , जिन्होंने मुस्तैद होकर अपने दायित्वों का निर्वहन सुचारू रूप से किया गया है।उप नगर आयुक्त द्वारा नियमित रूप से अनुश्रवण किया गया है ।नागरिकों द्वारा भी अच्छी सफाई व्यवस्था की सराहना की गई है। निर्जला एकादशी पर नगर निगम द्वारा विष्णुपद मंदिर प्रांगण, देवघाट की अच्छी सफाई व्यवस्था कराई गई, चुना ब्लीचिंग का छिड़काव कराया गया, सभी शौचालय एवम प्याऊ को कार्यरत रखा गया एवम देव घाट पर नागरिकों के लिए पंशाला की भी व्यवस्था कराई गई। देवघाट पर पानी से नगर निगम की धुलाई भी करवाई गई है।

## नवादा : 10 दिन से लापता युवक हत्याकांड में तीन बदमाश धराए भेजे गए न्यायिक हिरासत में

लोक तंत्र की आवाज़

**रौशन कुमार सोनू**

**कौआकोल(नवादा )**। विगत 9 जून से लापता कौआकोल थाना क्षेत्र के विशनपुर गांव निवासी युवक मोहम्मद सरवर का मंगलवार की दोपहर कोलवा के घने जंगल से शव बरामदगी की घटना के बाद पुलिस ने इस कांड में संलिप्त तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। नवादा पुलिस द्वारा जारी किए गए एक विज्ञप्ति के अनुसार गिरफ्तार बदमाशों में कौआकोल थाना क्षेत्र के विशनपुर गांव निवासी काशी मांझी के पुत्र मनीष मांझी,मंझिला गांव निवासी युगल यादव के पुत्र सुजीत कुमार एवं सरौनी गांव निवासी अनिल पंडित के पुत्र रोहित कुमार शामिल है। इसके साथ ही विज्ञप्ति में पुलिस ने एक बाइक और तीन मोबाइल की भी बरामदगी करने की बात कही है। वहीं हत्या के कारणों का स्पष्ट उल्लेख विज्ञप्ति में नहीं किया गया है। बता दें कि 15 जून को मृतक की पत्नी नुरेशा प्रवीण के द्वारा कौआकोल थाना में लिखित आवेदन देकर विशनपुर गांव निवासी मनीष मांझी पर अपने पति मोहम्मद सरवर को ले जाकर लापता कर देने का मामला दर्ज कराया गया था। दर्ज प्राथमिकी में घटना की तिथि 9 जून उल्लेखित है। जिसके बाद से पुलिस उक्त लापता युवक के खोजबीन में जुटी थी। अंततः बदमाशों के निशानदेही पर मंगलवार को युवक का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेजा गया। जहाँ पोस्टमार्टम के बाद शव को पुलिस द्वारा परिजनों के हवाले कर दिया गया।

## एमओ ने डीलरों के साथ की बैठक, कहा शत प्रतिशत हो ई. केवाईसी

लोकतंत्र की आवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरामा**। प्रखंड परिसर स्थित बीआरसी भवन में बुधवार को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश कुमार ने प्रखंड के सभी जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों के साथ बैठक की। इस बीच वितरण से संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। खाद्यान्न का समय से उठाव एवं वितरण, खाद्यान्न की गुणवत्ता सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा की गई। साथ ही राशन कार्ड में वर्णित सभी लाभुकों के ई. केवाईसी कराने के निर्देश दिए। कहा शत प्रतिशत लाभुकों का ई. केवाईसी निर्धारित समय सीमा के अंदर कर लेना है। जिन लाभुकों का ई. केवाईसी नहीं होगा, उनका राशन कार्ड से नाम कट जाएगा और वे खाद्यान्न से वंचित हो जाएंगे। उन्होंने



सभी दुकानदारों को समय पर निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न वितरण के निर्देश दिए। कहा लाभुकों के तरफ से इस संबंध में कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए। अगर कम खाद्यान्न देने की शिकायत मिलती है, तो निश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में भूषण पासवान, मिथलेश कुमार, उत्तम पासवान, नीरज कुमार राकेश, सुबोध सिंह, मनोज रजक, सुधाकर सिंह, सुधीर सिंह सहित कई जनवितरण दुकानदार मौजूद थे।

## गया के अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर तकरीबन 9:00 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे केन्द्रीय मंत्री ने किया स्वागत

लोकतंत्र की आवाज़

**गया**। गया में गया के अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर तकरीबन 9:00 बजे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गया अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद नालंदा के लिए रवाना हो गए। उसके पहले दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार गया अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गया अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से विशेष हेलीकॉप्टर से नालंदा के लिए रवाना हो चुके है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस के तैनाती की गई थी और आने जाने वाले पर विशेष निगरानी भी रखी जा रही थी. गया के डीएम-एसएसपी और सिटी एसपी ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया है।



## प्रखण्ड शाखा हिसुआ के कार्यालय परिसर में एक शोक सभा आहुत की गई

**हिसुआ**। 19 जून : बिहार पेंशनर समाज प्रखण्ड शाखा हिसुआ के कार्यालय परिसर में एक शोक सभा आहुत की गई ; जिसकी अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष रामदेव सिंह ने की श्री सिंह अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में डा भरत सिंह के आकस्मिक निधन निजी आवास राजापुर बोध गया में हो गया ' . वे मूलतः ग्राम - पचाढ । हसुआ (नवादा) के निवासी थे। इस मौके पर सिद्धेश्वर प्रसाद सिह, ललित किशोर शर्मा, देवनून सिंह,राजकुमार सिंह, चन्देश्वर प्रसाद, विन्देश्वरी शरण सिंह, रामेश्वर चौहान, रामचन्द्र प्रसादशर्मा, नरेश सिंह, मेवालाल ,राजेन प्रसाद, आदि उपस्थित सदस्योंने २ मिनट का मौन रखते हुए ईश्वर से प्रार्थना की ताकि दिवंगत आत्मा की शांति मिल सके एवं उनके परिजनों को धैर्य धारण करने की क्षमता मिल सके । .

## मगही साहित्य - संस्कृति के प्रतिबद्ध विभूतियों को मिलेगा सम्मान

**● वीणा पाणि इंटर कॉलेज,बुधौल, नवादा में दिन के 11 बजे से आयोजित**


लोक तंत्र की आवाज़

**नवादा**। समाजसेवी युगल किशोर मिश्र की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में वैसे प्रतिबद्ध विभूतियों को युगल किशोर मिश्र स्मृति सम्मान से सम्मानित किया जाएगा जो लोक भाषा मगही और जन संस्कृति के संरक्षण के लिए निष्ठापूर्वक संकल्पित हैं। यह राज्य स्तरीय सम्मान समारोह आगामी 22 जून,2024 ( शनिवार ) को वीणा पाणि इंटर कॉलेज,बुधौल, नवादा में दिन के 11 बजे से आयोजित है। इस अवसर पर वरीय साहित्यकार वीणा कुमारी मिश्रा की रचित काव्य संकलन अनकही रागिनी और संपादित कृति यादों के वो पल का विमोचन लब्धप्रतिष्ठित साहित्यकारों और प्रशासनिक अधिकारियों के कर - कमलों द्वारा संपन्न होगा। कोशिश फाउंडेशन, बुधौल, नवादा की अध्यक्षा वीणा कुमारी मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने की सारी तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं।इस कार्यक्रम में लगभग 60 वैसे साहित्यकारों - पत्रकारों, गायक - गायिकाओं और ग्राम्यांचलों के पारंपरिक गीतकारों को सम्मानित किया जाएगा जो भाषा और संस्कृति के संरक्षण - संवर्धन और प्रदर्शन में निरंतर क्रियाशील हैं। वरिष्ठ साहित्यकार और रंगकर्मी नरेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि इस अनूठे कार्यक्रम में संस्कार गीत, पारंपरिक होली - चैता, निर्गुण, प्रातकाली, बारहमासा - चौमासा, मर्सिया, विषैली, सूफ़ी संगीत, झरनी - झूमर, बिरहा, पासवानी गीत इत्यादि गीतों में माहिर गायकों का चयन किया गया है जो अपनी - अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से पुनर्जागरण का संदेश देंगे। युवा साहित्यकार और पत्रकार ओंकार कश्यप के शास्त्रीय मंच संचालन में यह कार्यक्रम उड़ान भरेगा और मगही को संवैधानिक दर्ज़ा दिलाने में सहायक सिद्ध होगा।

## किउल-गया रेलखंड पर ट्रेन चालक की तत्परता से टला बड़ा हादसा ,रेल ट्रैक पर फंसा स्कूल बस, सामने से आ रही थी ट्रेन

लोक तंत्र की आवाज़

**नवादा**। पूर्व मध्य रेल अन्तर्गत दानापुर मंडल के किउल-गया रेलखंड पर बुधवार को चालक की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया। गया से किउल जा रही मेमू ट्रेन के चालक ने रेल पटरी पर फंसी स्कूल बस को देखकर इमरजेंसी ब्रेक लगाकर टेज्न को रोक लिया। घटना जिले के चातर हॉल्ट के पास मानव रहित रेलवे फाटक के पास घटी, जहां अनाधिकृत रेलवे फाटक पार कर रही स्कूल बस रेल पटरी पर फंस गया। उसी वक्त गया से किउल की ओर जा रही मेमू ट्रेन पहुंच गई। ग्रामीणों के प्रयास और ट्रेन चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। बस से कुछ ही दूरी पर ट्रेन रूक गई थी। कहा जा रहा है कि घटना के वक्त बस पर कोई भी छात्र सवार नहीं थे। बताया जाता है कि ज्ञान भारती स्कूल की बस चातर हॉल्ट स्थित मानव रहित रेल फाटक से गुजर रही थी। रेल ट्रैक पार करने के दौरान बस का पिछला चक्का फंस गया। चालक के तमाम प्रसास के बाद भी बस रेल ट्रैक को पार नहीं कर पाया। इसी दौरान गया कि ओर से मेमू ट्रेन आ रही थी। आसपास रहे लोगों ने माजरा भांपकर ट्रेन के चालक को रोकने का इशारा किया। चालक ने भी सूझबूझ का परिचय देते हुए ट्रेन को रोक दिया। इस कारण बड़ा हादसा टल गया। बाद में ग्रामीणों ने धक्का देकर बस को रेल ट्रैक से पार किया। रेल



ट्रैक से बस को हटाने में ट्रेन पर सवार यात्रियों ने भी सहयोग किया। बस हटने के बाद ट्रेन अपने गंतव्य की ओर रवाना हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने मोबाइल में वीडियो बनाकर वायरल कर दिया।

## शराब के नशे में गिरा व्यक्ति, हुआ मौत

लोक तंत्र की आवाज़

**नवादा** । नवादा में शराब के नशे में रहे व्यक्ति क़ो चलते -चलते गिर जाने से मौत हो गयी .मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव अपने पुलिस जीप में उठाकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल लाया है। मृतक की पहचान नवादा के पोस्टमार्टम रोड स्थित उमा साउंड के प्रोपराइटर के रूप में किया गया है। बताया गया है मृतक 55 वर्षीय जंगली के नाम से जाने जाते थे। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वह शराब के नशे में था और वह टगते हुए चल रहा था। अचानक वह सर्किट हाउस टाउन ढाबा के पास नाले के समीप गिर गया ,जिससे तुरंत उसकी मौत हो गया । स्थानीय लोगों के द्वारा नगर थाने की पुलिस क़ो फोनकर सूचना दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस टीम ने पुलिस जीप




पर लादकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया और परिजन क़ो घटना की सूचना दिया। इस बाबत पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुरादाबाद दो साइबर अपराधियों को किया गया गिरफ्तार सात की पहले हो चुकी हैं गिरफ्तारी



रिपोर्ट मुकेश सिंह

**मुरादाबाद** । एसपी क्राइम सुभाषचंद्र गंगवार ने पुलिस लाइन के सभागार में साइबर अपराधियों के गैंग का खुलासा करते हुए बताया गत वर्ष एक साइबर पीड़ित द्वारा धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसमें इस गिरोह के लोग विज्ञापन देकर लोगों को घर बैठे टेली ग्राम के माध्यम से रोज दो से दस हजार रुपए कमाने का लालच दिया करते थे। इसमें कुछ लोगों को इन लोगों ने पहले कमाई दिखाई। जब वह लालच में आ गए और मोटी रकम लगाई तो इनके साथ साइबर फ्रॉड हो गया। व्यक्ति की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने के बाद इस साइबर गिरोह के सात सदस्यों को कुछ दिन बाद ही गिरफ्तार कर लिया गया था। अब यह दो आरोपी अहमदाबाद निवासी अर्जुन और समदरिया बाकी रह गए थे जिन्हें साइबर थाने की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। इस प्रेसवार्ता के दौरान इंस्पेक्टर साइबर क्राइम भी टीम के साथ मौजूद रहे।

### अवैध रूप से चल रहा हॉस्पिटल किया गया सीज



रिपोर्ट मुकेश सिंह

**मुरादाबाद** । बिलारी नगर में एक झोलाछाप डॉक्टर द्वारा संचालित अस्पताल की शिकायत मिलने के बाद उपजिलाधिकारी बिलारी एवं सीएमओ मुरादाबाद और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने झोला छाप डॉक्टर के अस्पताल पर छापा मारा। इस कार्यवाही में अनेकों खामिया मिलने पर अस्पताल को अधिकारियों द्वारा सील कर दिया गया ।उप जिलाधिकारी मनी अरोड़ा और डिप्टी सीएमओ मुरादाबाद के बिलारी नगर में अवैध रूप से संचालित शुभम क्लिनिक पर कार्यवाही की गई उपजिलाधिकारी बिलारी एवं डिप्टी सीएमओ स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल पर डिप्टीश कार कैरान शाहबाद रोड़ बिलारी जाकर अस्पताल में उपस्थित झोलाछाप डॉक्टर से उसके दस्तावेज मांगे तो झोलाछाप डॉक्टर दस्तावेज नहीं दिखा पाया।

### नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर के उद्घाटन पर उट योगी ने जताया आभार

रत्ना

**लखनऊ**। एक्स पर लिखी ये बात उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का लोकार्पण करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। सीएम योगी ने एक्स पर की गई अपनी पोस्ट में लिखा बिहार में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन प्रधानमंत्री जी की भारत के सांस्कृतिक विरासतों के संरक्षण और शैक्षिक उन्नयन के प्रति प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है। सीएम योगी ने एक्स पर की गई अपनी पोस्ट में लिखा, 'बिहार में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन प्रधानमंत्री जी की भारत के सांस्कृतिक विरासतों के संरक्षण और शैक्षिक उन्नयन के प्रति प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है।



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कृषि भवन सभागार में हुई किसान दिवस की बैठक

## जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं को सुन निस्तारण के दिए निर्देश



लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

**बलिया।** किसान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को कृषि भवन सभागार में किसान दिवस की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों की शिकायतों को शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर सुना जाए और उसका शीघ्र निस्तारण किया जाए। खासकर कृषि, सिंचाई व बिजली विभाग के अधिकारियों को विशेष रूप से किसान भाइयों की बातों का ख्याल रखने को कहा। इस अवसर पर किसानों ने कृषि से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। किसान अखिलेश सिंह सहित अन्य किसानों ने जनपद में अभी तक मंसूर,चना का क्रय केंद्र न खुलने का मामला उठाया और कहा कि जनपद के बहुत से किसान अपनी फसल नहीं बेच सके हैं। इस पर जिलाधिकारी ने डिप्टी आरएमओ, नैफेड और पी०सी०एफ के अधिकारियों से सवाल जवाब किया तो बताया गया कि जनपद में पी०सी०एफ ही इन फसलों की खरीद करती है। जिलाधिकारी ने पी०सी०एफ० के एम डी से फोन पर बात की और संबंधित अधिकारी को अगले तीन-चार दिन में क्रय केंद्र खोलने का निर्देश दिया। किसानों द्वारा एक मामला उठाया गया कि बहुत से किसानों का घर टाउन एरिया में पड़ता है लेकिन खेती वे ग्रामीण क्षेत्रों में करते हैं जिससे फ्री ट्यूबवेल की सब्सिडी का लाभ उन्हें नहीं मिल पाता है। इस पर जिलाधिकारी ने शासन स्तर पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। किसान ब्रह्मानंद तिवारी ने बताया कि बारिश के कारण उनकी गेहूं की फसल बर्बाद हो गई, एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी के द्वारा इसका सर्वे भी कराया गया लेकिन प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ अब तक नहीं मिला है। इस पर जिलाधिकारी ने एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी के एजेंट को अब तक जनपद में कराए गए सारे सर्वे रिकॉर्ड और कितने किसानों को इस योजना से लाभान्वित किया गया,की रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी के यहां प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। एक किसान द्वारा बताया गया कि मनियर बांसडीह मार्ग पर दहताल में पानी जमा हो जाने से आसपास के किसानों का 500 से 1000 हेक्टेयर की एक सीजन की फसल का नुकसान होता है। यदि सिंचाई विभाग द्वारा वाटर लिफ्टिंग लगाकर इसके पानी को घाघरा में ट्रांसफर करवा दिया जाए तो किसानों का भला हो जाएगा। इस पर जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को अपने स्तर और शासन स्तर पर कार्रवाई कर किसानों की समस्या को निस्तारित कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा कुछ किसानों ने नई वेइंग मशीन के द्वारा राशन वितरण में अंगूठे ना लगने, निःशुल्क बीज वितरण, आगामी सीजन के लिए उर्वरक स्टॉक, बिजली विभाग से कनेक्शन, ग्रीन फील्ड के आसपास भूमि वितरण के संबंध में और निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से नये उद्योग लगाने संबंधी आने वाली विभिन्न समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया और उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को अगली बैठक से पहले सभी का समुचित निराकरण कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने वहां उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो भी बैठक के दौरान किसानों ने अपनी समस्याएं रखी है, उसकी अगली बैठक से पहले तक समाधान करके आएँ, तभी इस किसान दिवस की बैठक सार्थकता सिद्ध होगी। अन्य किसानों ने भी अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया, जिसके समाधान के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज,उप निदेशक कृषि मनीष सिंह, जिला कृषि अधिकारी पवन कुमार प्रजापति सहित अन्य संबंधित अधिकारी व जनपद के किसान भाई मौजूद थे।

# मंडल मुरादाबाद डीआईजी को दुष्कर्म पीड़िता ने व्यथा सुनाने के बाद थाना में हुआ मुकदमा दर्ज



लोकतंत्र की आवाज

● युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

**मुरादाबाद** घर में घुस आया थाना कटघर घर में घुस आया दुश्मन की घटना को अंजाम देकर जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट क्षेत्रीय निवासी 22 वर्षीय युवती ने डीआईजी मुनिराज जी के ऑफिस में पहुँचकर अपनी फरियाद सुनाते हुए व एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया गत 14 अप्रैल की सुबह साढ़े ग्यारह बजे वह घर में अकेली थी। तभी बरेली के इज्जत नगर बड़ा विहार निवासी 25 साल का युवक फैजी को बताया आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी है। इतना ही नहीं वह अपनी शिकायत लेकर थाना कटघर गई थी लेकिन किसी तरह की कोई कार्यवाही कटघर पुलिस द्वारा नही की गई हैं। डीआईजी मुनिराज जी के आदेश पर बरेली निवासी आरोपी युवक के खिलाफ बलात्कार के साथ साथ अन्य कई गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है ।बलात्कार की घटना को अंजाम दे डाला। पीड़ित युवती ने डीआईजी मुनिराज से मुकदमा दर्ज कराने की लगाई गुहार तब जाकर थाना प्रभारी थाना कटघर ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जबकि डिस्काउंट पीड़िता पहले ही थाना मे मुकदमा दर्ज कराने के लिए जा चुकी है यदि योगीराज में थाना पुलिस उत्तर प्रदेश दुष्कर्म पीड़िता की गुहार नहीं सुन पाई तो न्याय कौन दिलाएगा तथा अपनी शिकायत लेकर पीड़िता को डीआईजी को अपनी व्यथा सुनानी पड़ी कब जाकर पीड़िता का मुकदमा दर्ज किया गया।

## राज्य का विभाग के अपर आयुक्त मुरादाबाद ने किया भोजन का वितरण



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट आसमीन सलमानी

मुरादाबाद निर्जला एकादशी एवं जेठ माह के अवसर पर मुरादाबाद जोन राज्यकर विभाग की अपर आयुक्त ग्रेड-1, डॉ अनुपमा गोयल के निदेशों के अनुपालन में रामगंगा विहार स्थित राज्यकर भवन के मुख्य द्वार पर राहगीरों को अल्पाहार एवं शरबत वितरण का कार्यक्रम आयोजित कराया गया। इसके अतिरिक्त भवन के प्रांगण में गऊ ग्रास दान पात्र पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था कराई गई। कार्यक्रम में ज्वाइन्ट कमिश्नर रश्मि श्रीवास्तव, मिलिन्द राज, सुभेश तिवारी, विनीत सिंह, भूमिका श्मा, विपिन कुमार एवं शाखाअध्यक्ष अवधेश चौध्धरी, गेंदा सिंह श्रीकान्त यादव, गौरव शर्मा, अमितकुमार, अशोक कुमार, दिपांशु वरूण, अजय चौहान, पंकज सिंह राणा, राहुलचौहान, राहुल राना, सुमित कुमार आदि भारी संख्या मे लोग उपस्थित रहें और कार्यक्रम मे सहयोग किया।

# बिजनौर ईंट भट्टों में कूड़े व प्लास्टिक रबर से लगाई जा रही आग चिमनियों से निकल रहा जहरीला धुआं

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ईंट भट्टों में कूड़े से ईंटें पकाई जा रही है। भट्टों की चिमनियां जहर उगल रही है। जिससे इंसानों के स्वास्थ्य पर अप्रतिकूल असर पड़ रहा है। इस संबंध में भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के जिला अध्यक्ष चौधरी रोहिताश सिंह के नेतृत्व में मंडावली क्षेत्र के किसानों ने चिमनियों से जहर उगल कर वातावरण को बुरी तरह प्रदूषित कर रहे ईंट भट्टों की शिकायत उपजिलाधिकारी से की है। किसानों एवं ग्रामीणों का कहना है कि पहले भी कई बार वह इन भट्टो की शिकायत कर चुके हैं, लेकिन किसी भी अधिकारी ने कठोर कार्यवाही नहीं की।



अधिकारियों को ईंट भट्टा मालिकों से मिली है। जिसका ग्रामीणों को रहा है। क्षेत्र में प्रदूषण जिस तेजी के साथ फैल रहा है, वह अपने आप में खतरनाक है ।इस संबंध में ज्ञापन देते हुए भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के जिला अध्यक्ष चौधरी रोहिताश सिंह ने कहा कि यदि भट्ट के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई, तो तहसील कार्यालय परिसर में धरना देते हुए प्रदर्शन किया जाएगा। बताया जाता है कि मंडावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत नियामतपुर अफसरों का मोटा फीलगुड नजीबाबाद करके ईंट भट्टा स्वामी प्रदूषण नियंत्रण विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों के ऊपर चढ़ावा चढ़ा कर लाखों रुपए के टैक्स का सरकार को चूना लगा रहे है। अधिकांश ईंट भट्टे राजनीतिक पहुंच वाले सफेद पोशों के ही है। जिसकी वजह से इनकी कोई शिकायत करने की हिम्मत नहीं जुटा पाता है। कोई शासन में शिकायत कर देता है, तो उसे धन बल से चुप कर दिया जाता है। भट्टों पर ईंट मानक से कम साइज की तैयार की जा रही है। उपभोक्ताओं का शोषण किया जा रहा है। जटपुरा बोंडा रोड पर नेशनल ब्रिक फील्ड के नाम से ईंट भट्टा संचालित है। यहां पर प्रदूषण के मानकों को ताक पर रख कर क्षेत्र की जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। दबंग भट्टा स्वामी ईंट पकाने में लकड़ी, कोयला व अन्य सामान को इस्तेमाल नहीं कर रहा है। बल्कि पुराने जूता, चप्पल, रबर व प्लास्टिक की कुट्टी बनाकर ईंटों को पकाने का काम कर रहे है। जिस भट्टे पर इस तरह से ईंटें पकाई जा रही हैं, उसकी चिमनियों से निकलने वाला काला धुआं क्षेत्र की जनता की सांसों में अटक रहा है। वह स्वास्थ्य पर प्रतिकुल असर डाल रहा है। इस संबंध में जब भट्टा स्वामी से बात की गई तो उन्होंने बताया मैं अकेले ही इस काम को नहीं करता हूं। सभी भट्टा स्वामी इसी तरह के कार्य कर रहे हैं।

# बिजनौर जिले के थानों में दिए पिछड़ा समाज संयुक्त संघर्ष मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने दो पुलिस कर्मियों के विरुद्ध ज्ञापन

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

**बिजनौर ।** किसान विनोद कुमार सैनी का मामला दिन प्रति दिन एक नया रूप लेता जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा किसान विनोद कुमार सैनी को बिना किसी वजह के मारने एवम् गाली गलोच करने के संबंध में आज पिछड़ा समाज संयुक्त संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष रणवीर सिंह निराला की अध्यक्षता में पूरे जनपद के हर थाने में कार्यकर्ताओ द्वारा ज्ञापन दिया गया। दीये गए ज्ञापन में साफ साफ लिखा है कि हमे दोसियो पर उचित कार्यवाही कर मुकदमा दर्ज कराना हैं अगर मुकदमा दर्ज नहीं कराया जाता तो पिछड़ा समाज सहयोग संघर्ष मोर्चा सैनी समाज के लोग सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन बिजनौर की होगी। आपको बता दे कि इस घटना की जांच स्वम २स्त्र देहात कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष रणवीर सिंह निराला ने जानकारी देते हुए बताया कि इस घटना को हुए आज पूरे 4 दिन हो गए हैं पर पुलिस द्वारा दोषियों पर कोई संतोष जनक कार्यवाही नहीं हो पाई है। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि २स्त्र देहात ने कल पिछड़ा समाज संयुक्त संघर्ष मोर्चा के कार्यकर्ताओ से कहा था कि निष्पक्ष जांच कर 24 घंटे के अंदर मुकदमा दर्ज कराया जायेगा। लेकीन अभी तक कोई भी कार्यवाही पुलिस द्वारा नही हुई है। वही पर किसान विनोद कुमार सैनी अपनी जिद पर अडे है कि मुझे सिर्फ और सिर्फ दोसीयो के ऊपर कानून के हिसाब से मुकदमा दर्ज कराकर सजा करानी है। इस अवसर पर सोनू सैनी लोकेंद्र सैनी राजवीर सैनी सुखराम सैनी मदन सैनी भूपेंद्र सैनी चेतराम सैनी समीर सैनी त सहित जिलेभर के थानों में सैकड़ो की तादाद में लोगों ने थानों में ज्ञापन दिए।



# वाराणसी में अधिवक्ताओं ने केक काटकर मनाया राहुल गांधी का 54 वां जन्मदिन, जिलाध्यक्ष बोले- वह लाखों भारतीयों की आवाज बने हैं

लोक तंत्र की आवाज़

**वाराणसी** । वाराणसी के कचहरी परिसर में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अधिवक्ता विकास सिंह की अध्यक्षता में सैकड़ो अधिवक्ताओं ने इकट्ठा होकर राहुल गांधी के 54 वे साल पर केक काटकर व मिठाई बाटकर जन्मदिन खूब धूमधाम से मनाया। साथ ही एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया और राहुल गांधी की दीर्घायु होने की कामना की। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा देश के नेता राहुल गांधी जी ने नफरत के खिलाफ कन्या कुमारी से कश्मीर तक और मणिपुर से मुंबई तक पैदल यात्रा कर देश को मोहब्बत से जोड़ने का काम किए। हम उनके साहस की सराहना करते हैं। वह लगातार सच बोलना जारी रखे हैं। राहुल गांधी एक निडर नेता हैं। वह संवैधानिक मूल्यों के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता और विपरीत परिस्थितियों में उनका का साहस काफी सराहनीय है। वह करुणा और सद्भाव का संदेश देते हुए सत्ता के खिलाफ सच बोलना जारी रखें और लाखों भारतीयों की आवाज बने।



**ये लोग रहे मौजूद:** कार्यक्रम में प्रमुख लोग में उपस्थित मंगलेश दुबे , सुनील मिश्रा, अखिलेश सिंह , मनीष राय , सतीश यादव , अवनीश सिंह निशु , अनिल गांधी , अखिलेश यादव , आदित्य राय , जुनैद जाफरी, दुर्गा प्रसाद गुप्ता , गिरीश गिरी, संजय यादव , अनिल यादव , ज्ञान प्रकाश आदि लोग उपस्थित रहे।

# एसएसपी अभिषेक सिंह के कुशल मार्गदर्शन में लगन मेहनत एवं तत्प्रता के दम पर सदैव बेहतर गुडवर्क दे रहें थाना सिविल लाईन प्रभारी ओमप्रकाश सिंह अंजाम

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेशसिंह

**मुज़फ्फरनगर।** एसएसपी अभिषेक सिंह के कुशल मार्गदर्शन में अपनी लगन मेहनत एवं तत्प्रता के दम पर शीर्ष अधिकारियों को विश्वास मे लेकर सदैव बेहतर करने का प्रयास करने वाले थाना सिविल लाईन प्रभारी ओमप्रकाश सिंह ने सदैव खरा उतरने की कोशिश में रहते है तथा अपने कप्तान अभिषेक सिंह के मार्ग निर्देशन में बेहतर पुलिसिंग का नमूना पेश करते हुए ऐसे ऐसे मामलों से पर्दा उठाकर शातिर जालसाजों को बेनक़ाब कर उन्हें जेल भेजने का काम बखूबी करते है और आज भी थाना सिविल लाईन प्रभारी ओमप्रकाश सिंह के नेतृत्व में वरिष्ठ उपनिरीक्षक कर्मवीर सिंह व हैड कॉस्टेबल सोविन्दर व कॉस्टेबल विकास कुमार ने बेहतर गुडवर्क को खोलकर जालसाजी से फर्जी कागजात तैयार कर जेल में निरूद्ध अभियुक्त की जमानत लेने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 03 शातिर जालसाज अभियुक्तगणों को गिरफ्तार किया हैं इन गिरफ्तार अभियुक्तगणों ने माननीय न्यायालय में फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर करायी गयी थी जेल में निरूद्ध गैंगस्टर अभियुक्त की जमानत की थी।अवगत कराना है जनपद मुजफ्फरनगर में अपराध एवं अपराधियों पर नियन्त्रण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत के निकट पर्यवेक्षण में, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर व्योम बिंदल तथा प्रभारी निरीक्षक थाना सिविल लाईन ओमप्रकाश सिंह के कुशल नेतृत्व में वरिष्ठ उपनिरीक्षक कर्मवीर सिंह व हैड कॉस्टेबल सोविन्दर व कॉस्टेबल विकास कुमार ने पर्दाफाश करते हुए जालसाजी से फर्जी दस्तावेज तैयार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल में निरूद्ध गैंगस्टर अभियुक्त की जमानत कराने वाले 01 अधिवक्ता सहित 03 अभियुक्तगण जानसठ पुल के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजा हैं।घटना का संक्षिप्त विवरण- अभियुक्त सुनील पुत्र जयपाल तथा पुनीत पुत्र रामावतार द्वारा अधिवक्ता मशरूर पुत्र मरगूब के साथ मिलकर जालसाजी कर कूटरचित फर्जी नाम व पते के दस्तावेज बनाकर थाना नई मण्डी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 359/2023 धारा 379/411/420 भादवि व मु0अ0सं0-437/2023 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त फिरोज पुत्र नासिर खाँ निवासी तल्हेड़ी चुंगी कस्बा व थाना देवबंद, सहारनपुर की जमानत करायी गयी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना सिविल लाईन पर मु0अ0सं0- 89/2024 धारा 420/467/468/471/120बी भादवि पंजीकृत किया गया था। आज दिनांक 19.06.2024 को थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा उक्त अभियोग में वांछित 03 अभियुक्तगण को जानसठ पुल के पास से गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार अभियुक्तगण के नाम मशरूर अहमद पुत्र मरगूब निवासी मिमलाना रोड, रामलीला टीला थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर व सुनील पुत्र जयपाल निवासी गाजावाली कच्ची सडक थाना सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर व पुनीत पुत्र रामावतार निवासी बेहडा अस्सा थाना सिखेड़ा, मुजफ्फरनगर हाल पता अंकित विहार पचैण्डा रोड थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर हैं।




# बिजनौर वन प्रभाग के कोडिया रेंज के गांव मथुरापुर मोर के किसानो ने की वन विभाग के अधिकारियों से शिकायत

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

नजीबाबाद हाथियों के द्वारा लगभग 25 बीघा फसल नष्ट करने की शिकायत को लेकर पहुंचे हैं बडिया में जंगली जानवरों से परेशान हो रहे हैं किसान भाईयों 25 बीघा गन्ना का नुकसान हाथी ने रात करीब डेढ़ से 3:00 बजे के बीच ने किया है किसान भाइयों का कहना है हमने वन विभाग को सूचना दी थी वन विभाग की ओर से हमारी कोई सुनवाई अभी तक नहीं हुई है जबकि डीएफओ नजीबाबाद के द्वारा वन विभाग के अधिकारियों को रात्रि ग्रस्त करने के आदेश दिए हैं फिर भी कुछ अधिकारी रात्रि ग्रस्त करने के बजाय शाम को ठंडी चाय पीकर अपने कमरों में आराम से सोते रहते हैं डीएफओ नजीबाबाद उपरोक्त प्रकरण पर ध्यान पूर्वक अपना कार्य देख रही हैं। वन विभाग के रेंज कोडिया वन विभाग के अधिकारियों से जंगली जानवरों के नुकसान से निजात दिलाने की अपील की हाथी जंगल की ओर खदेड़ कर कार्रवाई करें और उसे जंगल से बाहर न निकलने दे ताकि किसान भाइयों का हाथी नुकसान न कर सके किसानों की सरकार से यही अपील है क्षेत्र के किसान भाई अपनी बहुमूल्य खेती को लेकर बहुत परेशान हो रहे हैं।




## संक्षिप्त खबरें ।

### योग दिवस के मौके पर एनडीए के केंद्रीय कार्यालय का किया जाएगा उद्घाटन

बिहपुर,,,,,शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर बिहपुर विधानसभा के एनडीए के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया जाएगा।उक्त जानकारी देते हुए बिहपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष ने बताया कि शुक्रवार को करीब छः बजे सुबह योग का कार्यक्रम किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मौके पर मुख्य अतिथि बिहपुर विधायक ई. कुमार शैलेंद्र के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया जाएगा।वहीं मंडल अध्यक्ष ने कहा एनडीए केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन के शुभ अवसर पर सत्यनारायण स्वामी का पूजा शाम करीब 4 बजे किया जाएगा ।

### थाना ने चिपकाया इश्तहार, मुजरिम चल रहा फरार



साहिबगंज : जिले के जिरवाबाड़ी थाना में कांड संख्या 92/24 के फरार अभियुक्त मकसूद अकरम, पिता स्वर्गीय जाफर अंसारी के घर पर नगर थाना पुलिस ने मंगलवार को इश्तहार चिपकाया। नगर थाना प्रभारी ने बताया कि मकसूद अकरम पर लॉटरी रेगुलेशन एक्ट के तहत दिनांक 5/02/2024 को जिरवाबाड़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज करते हुए धारा 467/468/471/419/420/34 एवम 7(3) लगाई गई थी। उन्होंने बताया कि अभियुक्त के घर पर न्यायालय से निर्गत इश्तहार चिपकाने के बाद आत्मसमर्पण नहीं कर पाने की स्थिति में कुर्कीझजब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

### पीरपैंती :सर्प दंश से बालिका की मौत



केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती।पीरपैंती प्रखंड के बाबूपुर पंचायत अंतर्गत वार्ड सदस्य गंगा मंडल के पुत्री राधिका कुमारी उम्र 10 वर्ष की मृत्यु सर्प दंश से हो गई। मुखिया लक्ष्मण यादव वार्ड सदस्य अंबिका पासवान ने बाखरपुर थाना अध्यक्ष आलोक कुमार को घटना सूचना दी। सूचना पर पहुंची बाखर पुर थाना पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर जन्म पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भेज दिया। राधिका सुबह घर से लकड़ी निकल रहे थी ।इसी दौरान सर्प ने डंस लिया।पिता स्थानीय ग्रामीणों के साथ पुत्री को उपचार के लिए रेफरल अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में ही पुत्री की मौत हो गई।

### अधिवक्ताओं ने लगाया काला बिल्ला




दलसिंहसराय/समस्तीपुर।अनुमंडलीय अधिवक्ता संघ के द्वारा अधिवक्ता सुरक्षा कानून को लेकर बिहार राज्य बार एसोसिएशन के निर्देश के आलोक में काला बिल्ला लगाकर अपने कायो का निष्पादन किया। आयोजित सभा मे जल्द से जल्द अधिवक्ता सुरक्षा कानून को लागू करने पर बल दिया। अधिवक्ता संघ द्वारा आयोजित सभा की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष बिनोद कुमार पोदार समीर ने की। मौके पर महासचिव प्रभात कुमार चौधरी, नवल किशोर सिंह, जगन्नाथ झा, एस एस पी वर्मा, अनिल नायक, रामप्रीत दास अनुज कुमार बिट्ठू, संतोष सिंह, उदयकेतु चौधरी, उषा वर्मा, अमलेंदु भूषण सिन्हा, प्रवीण प्रियदर्शी, श्री राजपूत, सुनील सिंह, राजू रंजन पूर्वे, धनेश्वर दास, शिव चन्द्र प्रसाद सिंह सहित संघ के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# स्पीडी ट्रायल चलाकर हत्यारा को फाँसी की सजा देने की मांग की गई

**मृतक परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने और 25 –25 लाख मुआवजा देने की मांग की गई**

लोकतंत्र की आवाज



**जगदीशपुर/भोजपुर,छपरा ।** अधिवक्ता हत्या कांड को लेकर जगदीशपुर अधिवक्ता संध के अधिवक्ताओं ने बुधवार को काला बिला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया जिसका नेतृत्व संध के अध्यक्ष जयकांत दुबे ने किया। इस अवसर पर जयकांत दुबे ने हत्या कांड की उच्च स्तरीय न्यायिक जाँच की मांग करते हुए मृतक परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने और 25 – 25 लाख मुआवजा देने की मांग की गई तथा स्पीडी ट्रायल चलाकर हत्यारा को फाँसी की सजा देने की माग की गई बतादे कि 12 जून 2024 को सुबह लगभग 8 बजे छपरा कोर्ट जाने के क्रम में पूर्व से घात लगाए बैठे अपराधियों ने वरीय अधिवक्ता राम अवधेश प्रसाद यादव वो पुत्र सुनील यादव की हत्या कर दी गई थी। वही वृंदानद सिंह ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार अधिवक्ता साथियों के सुरक्षा जैसे संवेदनशील मामला को गंभीरता से नहीं लेती है तो अधिवक्ता सुबे बिहार के न्यायिक कायो के साथ साथ सरकार की भी चक्का जाम करने का काम करेंगें। सामाजिक कार्यकर्ता सह अधिवक्ता विनोद वर्मा ने बताया कि आए दिन देश और प्रदेश में अपराधियों द्वारा अधिवक्ताओं को निशाना बनाया जा रहा है और सरकार आँख बंद कर तमाशा देख रही है विगत कई दशकों से अधिवक्ता प्रोटेक्सन ऐक्ट पेंडिग में पड़ा हुआ है फलस्वरूप प्रति वर्ष सैकड़ों अधिवक्ताओं जान चली जाती है वही राज्य वो केंद्रीय सरकार अपनी जबाब देही से भागती रही है। अधिवक्ता कोर्ट ऑफ मजिस्ट्रेट तो होता है परंतु लोगों का अधिवक्ताओं के प्रति गलत सोच का शिकार एक अधिवक्ता होता है अधिवक्ता भारतीय न्याय की धुरी होने के उपरांत भी देश में आज तक अधिवक्ताओं के सुरक्षा संबंधी कानून का न बनना बड़ा ही दुर्भाग्य पूर्ण है जबकि आजादी के समय से ही मांग उठती रही है श्री वर्मा ने कहा कि आज तक ना केंद्र सरकार और ना ही बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने ही अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर कोई ठोस कदम उठाया हमारे साथी अधिवक्ता गण समय समय पर आंदोलन करते रहे है श्री वर्मा ने कहा कि सरकार अधिवक्ताओं के साथ सौतेलापन व्यवहार कर रही जिससे अधिवक्ता आहत है। इस अवसर पर अश्वनी सिंह सचिव, वरीय अधिवक्ता नंदेशवर तिवारी, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, पूर्व सचिव वृंदानद सिंह, पूर्व सचिव अनिल चौबे, पूर्व सचिव योगेंद्र सिंह, धरमेश सिंह, गिरीश तिवारी, चंद्र भूषण सहाय, विंध्याचल पाठक, रणविजय सिंह, अंजू कुमारी, विजय राम, श्रवण सिंह, लाल बाबू यादव, राकेश पांडे, सुरेंद्र तिवारी, सुरेंद्र यादव, अजय तिवारी, जाहीद हुसैन, कुमार शोरभ, पंकज द्विवेदी, अभय सिंह, अनिल सिंह, मंटू केशरी हर्ष वर्धन सिंह मनोज चौधरी, संजय सिंह, राज शलभ प्रसाद, सहित अन्य लोग ने विरोध प्रदर्शन में शामिल रहे।

## राहुल गांधी के 54 व जन्मदिवस मनाया गया मरीजों को फल वितरण किया गया बरकत खान



लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख

**साहिबगंज ।** आज दिनांक 19 जून 2024 को अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष एवं रायबरेली के सांसद राहुल गांधी के 54वां जन्मदिन के अवसर पर जिला कांग्रेस कमिटी साहेबगंज ने सदर अस्पताल साहेबगंज में मरीजों को फल वितरित कर राहुल गांधी के दीर्घायु होने की कामना की।जिला कांग्रेस कमिटी साहेबगंज के अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने राहुल गांधी के जन्मदिन पर उनकी दीर्घायु की कामना के साथ जिला सदर अस्पताल पहुंचकर मरीजों के बीच फल वितरित किया। इस अवसर पर बरकतुल्लाह खान ने कहा कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी आज जन–जन के सर्वमान्य नेता बन चुके हैं। भारत जोड़ो यात्रा और न्याय यात्रा के माध्यम से उन्होंने पुरे भारत को एक सूत्र में पिरोने का सफल प्रयास किया और राहुल गाँधी जी का मुहब्बत का पैगाम से इस देश में नफ़रत फैलाने वाले लोगों के मंसूबे पर पानी फिर गया. जिस दौर में राजनेता से लेकर आम जनता की आवाजों को दबाया कुचला जा रहा है उस दौर में राहुल गाँधी ने दबे कुचले लोगों, महिलाओ, किसानों एवं अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए सड़क से लेकर सदन पर आवाज़ उठाते रहे. उनका ये संघर्ष लोकसभा चुनाव में रंग लाया और पार्टी ने पहले से बहुत बेहतर प्रदर्शन किया. देश की जनता उन्हें भावी प्रधानमंत्री के रूप में देख रही है. राहुल गाँधी जी के नेतृत्व में आने वाला कल एकबार फिर कांग्रेस का होगा मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुकूल मिश्रा, मुर्शाद अली, मो कलीमुद्दीन, बासुकीनाथ यादव, सरफ़राज़ आलम, जनार्दन तिवारी, नूरजहाँ बेगम, रंजीत यादव, अली कुरैशी, मो निजामुद्दीन, सबदुल अंसारी, अजीज अंसारी, मो अल्ताफ हुसैन, मो नौशाद अहमद, रंजीत सिंह, मो समसुल हक़, उमर फारूक उर्फ़ मोनू एवं दर्जनों कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## नगर पंचायत के समान्य बोर्ड की बैठक संपन्न



लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय

**पीरपैंती।** पीरपैंती नगर पंचायत के समान बोर्ड की बैठक मंगलवार को संपन्न हो गई। इस बैठक में आम लोगों से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। कार्यपालक पदाधिकारी दिनेश कुमार सिन्हा ,नगर पंचायत के अध्यक्षता सोनिका देवी ,उपाध्यक्ष सबरीन खातून सहित स्थानीय विधायक ललन कुमारी बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में कई मुद्दे छाए रह गए। प्रमुख मुद्दा नल जल की समस्या, आवास निर्माण की समस्या साफ सफाई की व्यवस्था मुख्य मुद्दा में शामिल रहे ।कार्यपालक पदाधिकारी दिनेश कुमार सिंह को स्थानीय विधायक ललन कुमार कुछ आवश्यक निर्देश दिए ।उसके बाद सभी वार्ड पार्षद से अपने–अपनी समस्या को लिखित रूप में कार्यपालक पदाधिकारी को देने का सुझाव दिया गया ।इसके बाद विधायक ने यहां तक कहा कि पार्षदों की जो समस्याएं हैं वह समस्या लिख कर दें। विधायक ने समाधान का पूरा भरोसा दिलाया ।वैसे इस बैठक में वार्ड पार्षद राज आनंद उर्फ अजीत, कुमार सदानंद यादव उर्फ साधु यादव, बीरबल कुमार ,मोहम्मद जलील, और संतोष कुमार सहित महिला पार्षद भी उपस्थित थी। कुछ वार्ड पार्षद अनुपस्थित भी पाए गए। कार्यपालक पदाधिकारी दिनेश कुमार सिंह से दैनिक मजदूर प्रदीप स्वर्णकार और रघुनाथ पण्डित ने अपना दैनिक मजदूरी भुगतान के लिए आवेदन दिया।

## 23 को आयोजित होगी ईद मिलन समारोह एवं विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन पूर्व विधायक ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज



मामलोत सेख

**बरहरवा ।** प्रखंड क्षेत्र के श्रीकुंड स्थित अस्सलाम एजुकेशनल सेंटर के प्रांगण में अगामी 23 जून को ईद मिलन समारोह एवं पाकुड़ विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर तमाम तैयारियां शुरू हो चुकी है। इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी फारोग अहसान ने दी। इसके आलोक में बुधवार को पूर्व विधायक अकिल अख्तर ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया एवं आयोजन समिति को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं प्रखंड अध्यक्ष अंसार अली मिंटू न कहा कि 23 जून को सुबह 9 बजे से कार्यक्रम की शुरुवात होगी, जिसमें पाकुड़ विधानसभा अंतर्गत दोनो प्रखंड बरहरवा एवं पाकुड़ सदर के केंद्रीय समिति सदस्य, जिला समिति, प्रखंड समिति, पंचायत समिति एवं हजारों सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। उक्त कार्यक्रम में आसन्न विधानसभा चुनाव को लेकर विचार मंथन किया जायेगा, साथ ही कार्यकर्ताओं को आगे की रणनीति, योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया जायेगा। कार्यक्रम स्थल के निरीक्षण के क्रम में केंद्रीय समिति सदस्य सरफराज अहमद, अब्दुल मालिक, मीडिया प्रभारी फारोग अहसान सहित अन्य मौजूद थे।

## समाज कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा सम्पन्न

लोकतंत्र की आवाज



मामलोत सेख

**साहिबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में उपायुक्त के द्वारा जिला समाज कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त के द्वारा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना. पूरक पोषाहार योजना, आंगनबाड़ी केंद्र भवन, टेक होम राशन से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।उपायुक्त के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र भवन के समीक्षा के क्रम में विभिन्न प्रखण्डों को दिए गए टारगेट के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिए । समीक्षा के क्रम में उपायुक्त के द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि आवंटित लक्ष्य के अनुरूप शत–प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने की दिशा में कार्य पूर्ण करें ' प्रधानमंत्री मातृत्व बंदना योजना में उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिए गए सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं के द्वारा योग्य लाभुकों के आवेदन प्राप्त कर शत–प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित कराया जाए। सभी सीडीपीओ को निर्देश दिए गए कि पोषण ट्रैकर में लाभुकों का शत–प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराए जाएं। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि पोषण ट्रैकर के माध्यम से रैंडम सर्वेक्षण कराया जाए एवं सर्वेक्षण की सूची मुख्यालय में सौंपी जाए। सीडीपीओ को निर्देश दिया गया कि सेविका जब भी क्षेत्र भ्रमण में जाएं तो जियो टैग फोटो अनिवार्य रूप से लें। मौके पर समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, सीडीपीओ, एलएस एवं समाज कल्याण विभाग के कर्मीगण मौजूद थे।

## सिस्टम से हारे ग्रामीण चंदा एकत्रित कर बना रहे गंडकी नदी पर पक्का पुल

लोकतंत्र की आवाज



**बनियापुर ।** दो प्रखंडो और विधानसभा के साथ ही दो लोकसभा क्षेत्रों के बीच स्थित गंडकी नदी पर ग्रामीणों ने चंदा एकत्रित कर पक्का पुल निर्माण का कार्य शुरू करवा दिए है, मढ़ौरा प्रखंड के नरहरपुर चमारी मठिया और बनियापुर प्रखंड के पिठौरी नंदलाल टोला शिव मंदिर के बीच स्थित गंडकी नदी पर पक्के पुल की मांग को लेकर स्थानीय लोग प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाते रहे, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही हाथ लगता, और नदी के ऊपर पुल बनाने को लेकर कोई करवाई नही की गई, इस नदी के दूसरी तरफ बनियापुर प्रखंड के पिठौरी के तमाम लोगो के लिए इस नदी को पार करके नरहरपुर की तरफ ही पढ़ाई से लेकर बाजार करने तक लोगो का आना जाना लगा रहता है, स्थानीय लोगो ने बताया कि तकरीबन सात – आठ दशक पहले लोग नाव के सहारे इस पार से उस पार जाते थे, जबकि ग्रामीण खुद से चंदा एकत्रित कर तकरीबन पांच दशकों से बांस की चचरी पुल बनाकर आवागमन बहाल करते रहे, इस दौरान कई दुर्घटनाएं भी हुई, कई लोग बांस की चचरी पार करने के दौरान चोटिल भी हुए, बच्चो को पढ़ाई के लिए उस पार जाने के दौरान अभिभावकों को चिंता रहती थी, इसी सब को लेकर सिस्टम से हारने के बाद ग्रामीणों ने चंदा एकत्रित करते हुए 110 फीट लम्बा पक्का पुल निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है, साथ ही नरहरपुर की तरफ से 24 भूमालिको ने पगडंडी राह वाले जमीन के दोनो तरफ से आठ फीट चौड़ा सड़क के लिए जमीन देने का दावा किया है, जिससे बनियापुर प्रखंड के पिठौरी पंचायत के नंदलाल टोला एव अन्य जगहों के तकरीबन 250 से ज्यादा परिवारों को इसका लाभ मिलेगा, साथ ही अन्य राहगीरो को भी इसके निर्माण से सुविधा होगी, ग्रामीणों ने बताया की इस मुहल्ले से बाजार और छपरा अस्पताल जाने के लिए लंबी दूरी तय करके दूसरे पुल के सहारे जाना पड़ता था, अब इस नए पुल के निर्माण से सहूलियत होगी।

## उपायुक्त ने किया सिकल सेल एनीमिया जांच शिविर पखवाड़ा का उद्घाटन

लोकतंत्र की आवाज




मामलोत सेख

**बरहड़वा।** मंडरो प्रखण्ड में स्थित अनुसूचित जनजातीय बालक प्राथमिक विद्यालय, कमरपहाड़ में सिकल सेल एनीमिया जांच शिविर पखवाड़ा का उद्घाटन उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।इस अवसर पर उपायुक्त ने अपने संबोधन में बताया कि आज से 3 दिन तक जिला के सभी प्रखण्डों में सिकल सेल एनीमिया की निःशुल्क जांच कराई जाएगी। यह जांच सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंडल में होगी। यह जांच 0 से 40 वर्ष तक के सभी महिला– पुरुषों के लिए कराई जाएगी। यह अभियान आगामी 3 जुलाई तक चलाया जाएगा।उन्होंने बताया कि सिकल सेल अनुवांशिक रोग होता है। जब तक खून की जांच नहीं कराई जाए रोग का पता नहीं चलता है। परिवार का कोई सदस्य जिनकी उम्र 0 से 40 वर्ष हो सिकल से जांच अवश्य कराना चाहिए। यह जांच बहुत जरूरी है नहीं तो मरीज को अन्य शारीरिक जटिलताओं का सामना करना पड़ सकता है।परिवार में किसी को भी सिकल सेल एनीमिया हो तो परिवार के सभी सदस्य सिकल सेल जांच जरुर करवाना चाहिए।मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर अरविंद कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनंद, डॉ रंजन कुमार, डीपीएम हिना वर्णवाल, भीबीडी सलाहकार सती बाबू डाबरा, पीरामल फाउंडेशन के कार्यक्रम लीडर अजय केसरी, फेलो दिव्या गुप्ता एवं कोमल गुप्ता और स्वास्थ्य विभाग के कर्मीगण उपस्थित थे।

## घर में पंखा का तार लगाने के दरमियां करंट लगने से पिता–पुत्री की हो गई मृत्यु परिजनों मे मचा कोहराम

लोकतंत्र की आवाज





**बिहपुर,,,,** बुधवार को भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड अंतर्गत धर्मपुररत्ती पंचायत के आठ नंबर वार्ड जयरामपुर गांव में दोपहर लगभग तीन बजे पंखे का तार लगाने के दरमियां बिजली के करंट की चपेट में आने से पिता व पुत्री की मृत्यु हो गई। मृतक 55 वर्षीय अखिलेश पंडित पिता स्व गणेश दत्त पंडित व इनकी अविवाहित पुत्री रुचि कुमारी उम्र 18 वर्ष बताया जा रहा है।ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार रुचि घर मे झाड़ू लगाने के बाद पंखा का तार बोर्ड में लगा रही थी।तभी बिजली के करंट की चपेट में आ गई।बताया गया कि करंट लगने के बाद पुत्री को तड़पते देख पिता अखिलेश पंडित ने पुत्री को बचाने के लिए बिना सोचे समझे पकड़ लिया।जिससे अखिलेश पंडित भी करंट की चपेट में आ गया।420 वाट करंट से दोनो गंभीर रूप से जख्मी हो गए।शोर सुनकर घरवाले जब कमरे में पहुंचे तो दोनो को बेहोशी की हालत देखा।ग्रामीणों की मदद से दोनो को उठाकर बिहपुर के निजी अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने मरीज को एडमिट करने से मना कर दिया।जिसके बाद दोनो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहपुर लेकर गए जहां डॉक्टर ने देखते ही दोनो को मृत घोषित कर दिया।रास्ते मे ही दोनो मौत हो चुके थे ।घटना के बाद मृतक के घर कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों को यकीन नही हो रहा था कि दोनो मृत हो गए। मृतक की पत्नी मुन्नी देवी, मां महेश्वरी देवी, दादा गणेश दत्त पंडित, पुत्र–पुत्री सहित घरवालों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक की पत्नी मुन्नी देवी पति एवं पुत्री के शव से लिपटकर दहाड़ मारकर रो रही थी।रोते–रोते वह बार–बार बेहोश हो जाती है। वृद्ध माता–पिता सुध बुध खो बैठे हैं। जानकारी के अनुसार मृतक अखिलेश पंडित कई वर्षों से पंजाब में रहकर राजमिस्त्री का काम करता था।दस दिन पूर्व ही जरूरी कार्य के लिए अखिलेश पंजाब से घर आया था। मृतक को एक पुत्र व चार पुत्री में तीन पुत्री विवाहित है।बताया जा रहा है कि मृतक रुचि के विवाह की तैयारी चल रही थी।वही पुत्र अमित कुमार पटना में रहकर कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहा है।अखिलेश घर मे अकेला कमाने वाला व्यक्ति था। घर भगवान भरोसे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बाइक दुर्घटना में बेलसंडी पंचायत के मुखिया प्रत्याशी की हुई मौत



गौनाहा / मटियरिया थाना क्षेत्र के कुशहवा के पास ? बाइक दुर्घटना के बाद नहर में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी है । मृतक की पहचान गौनाहा थाना क्षेत्र के अहरार पिपरा गांव के बेलसंडी पंचायत के मुखिया सम्भू राउत के साला प्रेम राउत के रूप में की गई है। घटना को लेकर बताया जाता है कि वह मेघौली नहर चौक से समान खरीद कर वापस घर जा रहे थे इसी क्रम में ब्रेन हेमरेज हो गया जिसे वाईक का संतुलन बिगड़ गया और वह त्रिवेणी कैनाल नहर में गिर गये जिसके चलते उनकी मौत हो गई। घटना मंगलवार शाम 7:30 बजे की बताई जा रही है।

### बगहा एक आईसीडीएस कार्यालय द्वारा टीएचआर का हुआ वितरण



ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा
बगहा एक बाल विकास परियोजना द्वारा टीएचआर का वितरण किया गया।वही टीएचआर वितरण संजीत कुमार,शिवशंत कुमार व महिला पर्यवेक्षिका के देखरेख में हुई।बगहा एक सीडीपीओ मो सोहैल अहमद ने बताया कि टीएचआर वितरण में किसी प्रकार की अनियमितता नही हो एवं लाभुकों को टीएचआर का राशन मिले इसको लेकर महिला पर्यवेक्षिकाओं की तैनाती की गई।सीडीपीओ ने बताया कि मंगलवार को परियोजना के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर टीएचआर का वित अगला लेख भी किया गया है।उन्होंने बताया कि दुध,पंजी,बैग,अन्य सामाग्री वितरण किया गया।वही कार्य मे अनियमितता नही हो इसको लेकर पर्यवेक्षिका को केन्द्र निरीक्षण का निर्देश दिया गया।जिनके देख रेख मे टीएचआर का वितरण किया गया।

### कल्याणपुर:भाई भाई का जमीनी विवाद में पिता की हुई मौत

ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत
पूर्वी चम्पारणः कल्याणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शंम्भूचक पंचायत के ग्राम बहुआरा में दादा और पुत्र,पोता के जमीनी विवाद में बोलचाल से हुई मौत होने का मामला प्रकाश में आया है सोमवार 17 जून को शाम को आपसी भाई में जमीनी विवाद का पंचायती किया गया था पंचायती आपसी दो वसिष्ट नारायण सिंह ने दो पुत्र अरुण सिंह,एवं रत्नेश सिंह उर्फ पुतिन सिंह का बटवारा पंचायतों द्वारा किया गया था। फिर भाई के बटवारा को लेकर 19 जून बुधवार को सुबह वसिष्ठ नारायण सिंह और पुत्र से बोल चाल होने लगा उसके बाद वसिष्ठ नारायण सिंह को आचनक नाक,मुंह से खून निकलने से उनकी स्पॉट पर मौत हो गई। वही कल्याणपुर थाना प्रभारी श्यामल कुमार राय ने बताया कि परिजनों द्वारा घटना के जानकारी मिलने के बाद पुलिस बल के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मोतिहारी के लिए भेज दिया गया हैं दो भाई का आपस में झगड़ा हुआ था मौत के कारण पोटमार्टम मिलने पर पता चलेगा अभी मेरे पास आवेदन नही मिला है मिलने पर आगे का जानकारी दी जाएगी।

# 2026 में वर्ल्ड क्लास के लुक में तैयार हो जाएगा बापूधाम मोतिहारी स्टेशन, सांसद राधा मोहन सिंह ने रेलवे के अधिकारियों को किया सम्मानित

**मई 2023 में केंद्र सरकार ने देश के पांच रेलवे स्टेशनों को विश्वस्तरीय बनाने का किया था फैसला**

**लोकतंत्र की आवाज**



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत**
**मोतिहारी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की कर्मभूमि पूर्वी चंपारण को जल्द ही विश्वस्तरीय रेलव स्टेशन की सौगात मिलने वाली है. बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने का काम जोरों पर है. मंगलवार को सांसद राधा मोहन सिंह ने रेलवे स्टेशन पर चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की. इस मौके पर उन्होंने निर्माण कार्य से जुड़े कई रेलवे अधिकारियों को सम्मानित किया. बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्य की समीक्षा पहुंचे राधा मोहन सिंह ने रेलवे अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के पदाधिकारियों से निर्माण कार्य को लेकर बातचीत की. इस मौके पर निर्माण एजेंसी ने सांसद और रेलवे अधिकारियों के सामने चल रहे कार्यों का प्रेजेंटेशन भी दिया. सांसद राधा मोहन सिंह ने निर्माण कार्य की रफ्तार पर संतोष जताया और कहा कि 2026 तक बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन बनकर तैयार हो जाएगा। बापूधाम रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने का कार्य चल रहा है.सारे अधिकारियों के साथ कार्य की प्रगति की समीक्षा की.बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन 2026 में वर्ल्ड क्लास स्वरुप में आ जाएगा.बहुत तेजी से यहां काम हो रहा है. यहां आरओबी का काम भी तेजी हो रहा है.जीवधारा में वाशिंग पीट का काम भी तेजी से चल रहा है.एक साल के अंदर वाशिंग पीट बनकर तैयार हो जाएगा. ₹ राधा मोहन सिंह, सांसद, पूर्वी चंपारण बता दें कि मई 2023 में केंद्र सरकार ने देश के पांच रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने का फैसला किया था. इन 5 स्टेशनों मे बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन को भी शामिल किया गया था. फिलहाल स्टेशन को विकसित करने का कार्य प्रगति पर है.इसके लिए 225 करोड़ का बजट रखा गया है।

## मोतिहारीः जिलाधिकारी ने की बाढ़ पूर्व कटाव निरोधक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण



**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत**
**पूर्वी चम्पारण।** जिलाधिकारी श्री सौरभ जोरवाल के द्वारा दिनांक 19.06.2024 को जल निस्सरण प्रमंडल मोतिहारी अंतर्गत बाढ़ पूर्व कटाव निरोधक कार्यों का स्थल निरीक्षण कर जायज़ा लिया गया एवं बाढ़ पूर्व तैयारीयों की समीक्षा की गई । स्थल निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने बंजरिया प्रखंड के फूलवार ग्राम में तिलावे नदी पर कटाव निरोधक कार्यों का निरीक्षण किया तथा इसके तकनिकी तथ्यों सम्बंधित सभी जानकारी जल निस्सरण प्रमंडल के कार्यपलक अभियंता ईङ्ग इफ़्तेख़ार इमाम से लिया, यहां पर जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता भी मौजूद थे। जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थिय ग्रामीणों से भी पूर्व के वर्षों में नदी से उत्पन्न बाढ़ सम्बन्धी जानकारी ली। इसके बाद जिलाधिकारी ने बंगरी नदी का भी निरीक्षण किया तथा सम्बंधित अभियंताओं को संभावित बाढ़ को ध्यान में रखकर सभी तैयारी पूरी कर लेने का निदेश दिया। जिलाधिकारी के द्वारा मुख्य रूप से बाढ़ संघर्षात्मक समग्रियों की स्तिथि, सभी संवेदनशील स्थलों को चिन्हित कर समग्रीयों तथा बालू का समुचित भण्डारण आदि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

## मोतिहारीः चुनाव ड्यूटी के दौरान मृत कर्मियों के परिजनों को दी गई अनुग्रह अनुदान की राशि



लाभ प्राप्त करते , परिजन

**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत**
**पूर्वी चम्पारण।** लोकसभा चुनाव 2024 के अवसर पर चुनाव ड्यूटी के दौरान मृत कर्मी श्री जुगल किशोर हाजरा, प्रधानाध्यापक उत्क्रमित मध्य विद्यालय अहिरटोली,(स्थाई पताः ग्राम-कनछेदवा वार्ड नंबर 1, हरसिद्धि) एवं श्री कन्हैया प्रसाद केशव,सहायक शिक्षक उत्क्रमित मध्य विद्यालय करमावा,ढाका (स्थाई पताः ग्राम- कुशवंशी नगर,पोस्ट - गवद्री, थाना ढाका) के निकटतम आश्रितों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह- जिलाधिकारी श्री सौरभ जोरवाल के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में देय अनुग्रह राशि का प्राधिकार पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित उप निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त गाईड लाईन के अनुसार एवं विभागीय स्वीकृति के आलोक में चुनाव ड्यूटी के दौरान मृत व्यक्तियों के परिजनों को 15-15 लाख रुपए का अनुग्रह अनुदान आज प्रदान कर दिया गया।

## डब्ल्यूपीयू निर्माण एवं कार्य प्रारंभ को लेकर शेष पंचायतों में चिन्हित भूमि से संबंधित राजस्व कर्मियों से मांगा गया रिपोर्टः बीडीओ

**लोकतंत्र की आवाज**



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** प्रखंड बगहा एक के कार्यालय प्रकोष्ठ में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के प्रखंड समन्वयक संजय कुमार एवं अंचल बगहा एक के तमाम राजस्व कर्मचारी शामिल रहें। बीडीओ प्रदीप कुमार ने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत लक्ष्य के अनुरूप डब्ल्यूपीयू निर्माण एवं कार्य प्रारंभ की स्थिति की प्रखंड समन्वयक संजय कुमार व राजस्व कर्मचारियों से बारी-बारी जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।बीडीओ ने राजस्व कर्मचारियों से 24 घंटे के अंदर टेसरहिया बथवरिया,रायबारी महुआ, सिसवा बसंतपुर पंचायत में डब्ल्यूपीयू निर्माण कार्य से संबंधित भूमि चिन्हित कर रिपोर्ट कार्यालय में सुपुर्द करने का सख्त निर्देश दिया ।बीडीओ ने कहा कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। इस अभियान को प्राथमिकता देते हुए डब्ल्यूपीयू निर्माण कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण कराना है।जिसके लिए पांच पंचायतों में दो पंचायत भैसही पारड़खाप, नड्डा में चिन्हित कर लिया गया और शेष तीन पंचायत टेसरहिया बथवरिया,रायबारी महुआ, सिसवा बसंतपुर में भूमि चिन्हित कर चयनित करना हैं।बीडीओ ने राजस्व कर्मचारियों को निर्देश दिया कि डब्ल्यूपीयू निर्माण हेतु जिन स्थलों पर अबतक भूमि चिन्हित हुआ हैं। वहां जल्द से जल्द भूमि चिन्हित कर नापी कराकर,लेआउट कराते हुए अविलंब कार्य प्रारंभ कराना है। साथ ही लैंड इश्यू को क्लीयर करने के लिए निर्देशित किया।मौके पर बीसी संजय कुमार,राजस्व कर्मचारी राहुल कुमार, प्रिंस कुमार आदि राजस्व कर्मचारी उपस्थित थें।

## रेलवे ट्रैक के बिजली के चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से जख्मी प्राथमिक उपचार के बाद जीएमसीएच बेतिया रेफर

**लोकतंत्र की आवाज**



**गौनाहा /** थाना क्षेत्र के पिपरिया ढाला से दक्षिण टिकुल टोला गांव के समीप रेलवे लाइन के ऊपर विद्युत प्रवाहित तार के चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आनन फानन में जख्मी युवक को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल गौनाहा लाया गया। जहां पर चिकित्सकों के द्वारा जख्मी युवक की स्थिति नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जीएमसीएच बेतिया रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जख्मी युवक गौनाहा थाना क्षेत्र के अमोलवा गांव निवासी सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा के 25 वर्षीय पुत्र जगदीश कुमार बताया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रेलवे ट्रैक पर कार्य चल रहा था। ऊपर से 25000 वोल्ट का तार में बिजली प्रवाहित हो रही थी। बिजली की तार के चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वही इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी शशि कुमार द्वारा बताया गया कि युवक के शरीर का 50 फीसदी अंग प्रभावित हो गया है। युवक को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बेतिया जीएमसीएच रेफर कर दिया गया है।

## 5 अभियुक्त गिरफ्तार,1283 लीटर अंग्रेजी शराब,01 कार तथा 03 मोबाईल जब्त

**लोकतंत्र की आवाज**



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा ।** पुलिस द्वारा वाहन जांच के दौरान 1,01,375 रूपये का लगाया जुर्माना।बगहा पुलिस जिला में अपराध नियंत्रण,विधि-व्यवस्था संधारण हेतु बैंकों,वाहनों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की जाँच की गई एसपी ने कई जनता,परिवादियों की समस्याओं को सुना तथा त्वरित निराकरण हेतु संबंधित थानाध्यक्षों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश।बगहा।बगहा पुलिस जिला में मंगलवार को विगत 24 घंटा में 05 अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है,कुल-22 वारंट का निष्पादन किया गया है।जिसमें जमानतीय 20,अजमानतीय 02 और कुर्की 01 है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक,बगहा सुशांत कुमार सरोज ने प्रेस रिलीज़ जारी करके दिया। उन्होंने बताया कि बगहा थाना,बथवरिया थाना,चौतरवा थाना,रामनगर थाना द्वारा शराब के कांड, वारंट एवं अन्य काण्ड में 05 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया साथ ही 1283 लीटर अंग्रेजी शराब, 01 कार तथा मोबाईल 03 जब्त किया गया। इस संबंध में चौतरवा थाना द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।एसपी ने बताया कि बगहा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु वाहन जॉच किया गया।जॉच के क्रम में धनहाँ थाना द्वारा-46,375, यातायात थाना द्वारा-22,000, रामनगर थाना द्वारा-16,000, पटखौली थाना द्वारा-7,000, बगहा थाना द्वारा-6,000, चौतरवा थाना द्वारा-4,000 इस प्रकार कुल-01,01,375 रूपये का जुर्माना लगाया गया। बुधवार को एसपी,बगहा सुशांत कुमार सरोज के निर्देशानुसार को विभिन्न थाना अंतर्गत अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था संधारण हेतु बैंकों,वाहनों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की जाँच की गई साथ ही एसपी बगहा के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में कई आम जनता,परिवादियों की समस्याओं को सुना तथा एसपी ने समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु संबंधित थानाध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## बांसी के निजी होस्पिटल में आंपरेशन के दौरान प्रसुता की हुई मौत, लोगों ने की हंगामा

**लोकतंत्र की आवाज**



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** पुलिस जिला के धनहा थाना क्षेत्र के बांसी मुख्य मार्ग स्थित आरएस नामक एक निजी अस्पताल में मंगलवार की रात्रि ऑपरेशन के दौरान एक प्रसूता की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद अस्पताल के डॉक्टर समेत सभी कर्मी फरार हो गए।इधर घटना की खबर सुनते ही परिजनों समेत स्थानीय लोगों ने अस्पताल को घेर लिया और जमकर हंगामा शुरू कर दिया।घटना की सूचना पर पुलिस बलों के साथ पहुंचे धनहा थानाध्यक्ष धर्मवीर भारती ने आक्रोशित परिजनों तथा स्थानीय लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया।थानाध्यक्ष धर्मवीर भारती ने बताया कि इस घटना में कार्यवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया है।तथा पुलिस इस घटना की जांच में जुट गई है।घटना में मृत महिला की पहचान धनहा थाना क्षेत्र के तमकुहवा निवासी लालबहादुर चौहान की 38 वर्षीय पत्नी उषा देवी के रूप में हुई है।जो अपने मायके में रह रही थी। तथा मृत महिला का बच्चा सुरक्षित बताया जा रहा है।

## विश्व एनीमिया दिवस पर अनुमंडल अस्पताल बगहा में जागरूकता के लिए कर्मियों को दिए गए निर्देश

**लोकतंत्र की आवाज**




**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
विश्व एनीमिया दिवस के अवसर पर बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में एनीमिया बीमारी को लेकर जागरूकता लाने के लिए अस्पताल कर्मियों के साथ बुधवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ के बी एन सिंह ने की। इस जागरूकता अभियान के बारे में विशेष जानकारी विकास कुमार प्रखंड कल्याण पदाधिकारी लौरीया के नेतृत्व में एनीमिया को लेकर कई सारी जानकारियां बैठक में दी गई। इसके किस प्रकार एनीमिया बीमारी को लेकर जागरूकता लाया जाए इसकी भी जानकारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी लौरीया ने दिया। इस बैठक में बगहा प्रखंड एक के विकास मित्र और बगहा नगर के विकास मित्र भी मौजूद थे। वहीं बैठक में डॉ के बी एन सिंह ने बताया कि एनीमिया के लक्षण ज्यादातर महिलाओं में पाए जाते हैं। एनीमिया की कमी तब मानी जाती है जब 10 से 11 ग्राम के नीचे हीमोग्लोबिन काम होता है। ऐसे में एनीमिया में काउंट किया जाता है। महिलाओं में एनीमिया की कमी ज्यादा होती है जिसके कारण आरबीसी, डब्ल्यूबीसी और प्लेटलेट्स कम हो जाता है। इसी को लेकर अस्पताल कर्मियों को एनीमिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और आने वाले मरीजों को एनीमिया के बारे में भी बताने को कहा गया। एनीमिया से होने वाली बीमारियों के बारे में किस प्रकार लोगों को जागरूक किया जाए। जिससे एनीमिया की बीमारी लोगों में न हो। इस

## संक्षिप्त खबरें ।


### राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया



लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती,कहलगांव। कहलगांव स्थित प्रखंड कांग्रेस भवन में एक बैठक रखी गई। जिसमें कांग्रेस के माननीय सांसद राहुल गांधी के जन्मदिन मनाया गया। जिसमे प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कहलगांव के मोहम्मद निसार के द्वारा केक काटा गया। सभी कार्यकर्ता को मिठाई और केक खिलाकर खुशी का इजहार किया गया। राहुल गांधी के लंबे उम्र के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर कांग्रेस के सदस्य सुजीत कुमार मिश्रा, सचिन गुप्ता, मनोज झा ,पंकज ,मोहम्मद निसार, मोहम्मद रहीम अंसारी , सौरभ कुमार, मोहम्मद शरीफ ,प्रवीण कुमार राणा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सिरदला- प्रखंड क्षेत्र में हीट वेव व गर्मी से दर्जन भर लोगों की हुई मौत



लोकतंत्र की आवाज
प्रदीप प्रसाद संवाददाता

सिरदला। सिरदला प्रखंड के सांढ़ मंझगावां पंचायत के गांव में दो दिनों में करीब आधा दर्जन लोगों की मौत गर्मी से हो गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बरदाहा गांव में दो,सांढ़ गॉव में एक, पंचानपुर में एक, ख़ौरा में एक रजवारी पाचंबा गांव के जगरूप प्रसाद यादव, तथा जयनगर गांव के रविंद्र प्रसाद वर्मा की मौत गर्मी के कारण हो गया है। लोग राह चलते दम तोड़ रहे हैं। लोगों ने बताया कि घघट पंचायत के मझौली गांव में एक दिन में पांच लोगों की मौत हुई है। लोगों की मौत की सरकारी पुष्टि नहीं हुई है। किसी ने अस्पताल तक नहीं पहुंच पाया है। दक्षिण बिहार में आसमान से आग बरस रहा है। बिहार के कई जिलों में रेड अलर्ट किया गया है। वहीं गर्मी से होने वाली मौत का सिलसिला थम नहीं रहा है। अनुमंडल क्षेत्र में हिट वेव व अत्यधिक गर्मी कहर बरपा रही है।

### खनन विभाग की कार्रवाई दो ट्रैक्टर जप्त



लोकतंत्र की आवाज
दिलिपकुमार ठाकुर।

खानपुर/समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के सैदुखा गांव से खनन विभाग के द्वारा मिट्टी लदी दो ट्रैक्टर को जप्त किया गया। जानकारी के अनुसार मिट्टी का अवैध खनन कर रहा था। इसी दौरान खनन विभाग ने करवाई करते हुए दोनो ट्रैक्टर को जप्त कर खानपुर थाना ले गई। जानकारी देते हुए अपर थाना अध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने बताया कि मिट्टी का अवैध खनन कर रहे दो ट्रैक्टर को जप्त किया गया। खनन विभाग के द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# मुजफ्फरपुरः डीएम ने धान अधिप्राप्ति को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक






लोकतंत्र की आवाज

दीपक कुमार

मुजफ्फरपुर ।जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में आपूर्ति एवं धान अधिप्राप्ति की बैठक समाहरणालय सभागार में की गयी तथा आवश्यक निर्देश दिया गया। श्रम विभाग के द्वारा प्रवासी मजदूर की सूची उपलब्ध कराई गई है, जिसका नियमानुसार सत्यापन कर रशन कार्ड निर्गत किया जाना था। बैठक में अवगत कराया गया कि इस कार्य में लगभग 96 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है।

ई.के.वाईसी. की समीक्षा में पाया गया कि 94 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। जिलाधिकारी ने कार्य में तेजी लाने तथा एक सप्ताह के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। खाद्यान्न के उठाव की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने भण्डार निर्गमादेश के अनुरूप शत-प्रतिशत उठाव करते हुए पूर्ण वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुख्य ट्रांसपोर्टर एवं डी.एस.डी. ट्रांसपोर्टर को एकरारनामा के अनुसार वाहन रखने का निर्देश दिया गया ताकि लिफ्टिंग एवं उठाव का कार्य तेजी से हो। जिलाधिकारी ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमंडल आपूर्ति पदाधिकारी एवं प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी को पी.डी.एस. डीलर का निरीक्षण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

साथ ही जिलाधिकारी ने लोक शिकायत, मुख्यमंत्री जनता दरबार तथा अन्य श्रोत से प्राप्त परिवाद पत्रों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। धान अधिप्राप्ति के समीक्षा के क्रम में पाया गया कि धान अधिप्राप्ति करनेवाले 10 पैक्स के द्वारा शून्य सी.एम.आर. दिया गया है। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, पूर्वी एवं अनुमंडल पदाधिकारी, पश्चिमी उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी को वैसे 10 पैक्स की जांच करने तथा दोषी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का सख्त निर्देश दिया। साथ ही जिला सहकारिता पदाधिकारी को शून्य सी.एम.आर. आपूर्ति करनेवाले समितियों पर सर्टिफिकेट केस दर्ज करने को कहा। जिलाधिकारी ने एक सप्ताह के भीतर अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री प्रभात कुमार, जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम श्री सुभाष कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी श्री ललन कुमार शर्मा, सभी प्रखण्डों के सहायक गोदाम प्रबंधक सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थें।

#### शून्य सी.एम.आर. आपूर्ति करने वाले पैक्स निम्नवत है

| | |
|---|---|
| 1. मोतीपुर के बरियारपुर उत्तरी पैक्स | 6. मीनापुर के बेलाही लच्छी पैक्स |
| 2. मोतीपुर के महिमा गोपीनाथपुर पैक्स | 7. मुशहरी के प्रहलादपुर पैक्स |
| 3. कुढ़नी के किशनुपर मोहिनी पैक्स | 8. पारू के बैजलपुर पैक्स |
| 4. कुढ़नी के कुढ़नी पैक्स | 9. साहेबगंज के पहाड़पुर मनोरथ पैक्स |
| 5. मड़वन के पकड़ी पकोही पैक्स | 10. सरैया के नरगी जीवनाथ पैक्स |

## निर्माणाधीन पुल का जिला अधिकारी ने किया निरीक्षण



लोकतंत्र की आवाज

समस्तीपुर। जिला पदाधिकारी योगेंद्र सिंह के द्वारा बिथान प्रखंड में नाबार्ड द्वारा ऋण संपोषित योजना के तहत दर्जिया फूहिया कमला नदी तटबंध तथा करेह नदी के दक्षिण तटबंध के बीच करेह नदी पर उच्चस्तरीय आरसीसी पूल का स्थल निरीक्षण किया गया।

स्थल निरीक्षण के क्रम में पी 4- पी5 लास्ट स्पेन का स्लैब का कार्य प्रगति पर पाया गया। बताते चलें कि इस पूल में 19 स्पेन हैं और प्रति स्पेन की लंबाई 24 मीटर है। मिट्टी का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है। एप्रोच रोड के स्लोप पर बोल्डर पिचिंग का कार्य प्रगति पर पाया गया। उपस्थित साइट अभियंता के द्वारा बताया गया कि 15 जुलाई 2024 तक कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। इस पूल पर यातायात का परिचालन 31 जुलाई 2024 तक शुरू कर दिया जाएगा।

## ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य, नही तो लाभुक राशन से होंगे वंचित : एसडीएम

लोकतंत्र की आवाज




- आपूर्ति पदाधिकारी अमृता कुमारी ने बताया कि आगामी 30 जून तक राशन कार्ड धारकों को हर हाल में अपना ई- केवाईसी कराना अनिवार्य है

जगदीशपुर/भोजपुर। राशन कार्ड धारकों से जुड़ा अहम खबर है। सरकार ने खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन प्राप्त करने वाले प्रत्येक लाभुकों को अपना ई- केवाईसी कराने का निर्देश जारी किया है। अगर लाभुक ऐसा नहीं करते हैं तो वैसे लोग राशन से वंचित हो जाएंगे। इसको लेकर जगदीशपुर एसडीएम संजीत कुमार ने खाद्य व उपभोक्ता संरक्षण विभाग बिहार पटना के पत्रांक 676 के हवाले से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत आच्छादित लाभुकों का शत प्रतिशत आधार सीडिंग ई- पॉश मशीन के माध्यम से सुनिश्चित किये जाने का आदेश जारी किया है।

जिसमें अनुमंडल क्षेत्र के जगदीशपुर, बिहिया व शाहपुर के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सहित जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को दुकान में संधारित पॉश मशीनों के माध्यम से शत प्रतिशत लाभुकों का ई- केवाईसी करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही किसी तरह की लापरवाही सामने आने पर विधि सम्मत कार्रवाई की बात कही गई है। वहीं आदेश प्राप्त होने के बाद तीनों प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों ने संबंधित क्षेत्र के सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को संबंधित राशन कार्ड धारकों के राशन कार्ड में नामित सभी सदस्यों का ई-पॉश मशीन के माध्यम से ई- केवाईसी (लाभार्थी सत्यापन) करने सहित लाभुकों को इसके लिए जागरूक करने का भी निर्देश जारी किया गया है।

इधर,जगदीशपुर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमृता कुमारी ने बताया कि आगामी 30 जून तक राशन कार्ड धारकों को हर हाल में अपना ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। जानकारी देते हुए बताया कि नगर सहित प्रखंड में अब तक 81880 लाभुकों का ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण किया गया है। जो कुल संख्या का 46. 69 प्रतिशत है। बताया कि बहुत ऐसे राशन कार्डधारी हैं जिनके परिवार के सदस्यों की मृत्यु हो गई है। वैसे लोगों का नाम कार्ड से विलोपित किया जा रहा है। घर से बाहर किसी दूसरे प्रदेश या अन्यत्र जगह रह रहे लाभुकों को भी हर हाल में अपना ई- केवाईसी कराना होगा। जिनका ई-केवाईसी नहीं होगा उनका नाम कार्ड से हटा दिया जाएगा। गौरतलब हो कि नगर सहित प्रखंड क्षेत्र के कुल 42894 राशन कार्ड हैं। जिसमें कुल 174808 लाभार्थी राशन का उठाव करते हैं।

## मानसून के आगमन की सूचना के साथ ही बिजली विभाग की जिले में क्या चल रही है तैयारी

लोकतंत्र की आवाज




- बरसेगा पानी लेकिन लोग हो जाएंगे पीने के पानी के लिए ग्रामीण क्षेत्र में बेहाल
- हल्की बारिश से या हवा के हल्के झोंके पर भी ग्रामीण क्षेत्र में बिजली हो जाती है घंटे तक गायब

रामजी कुमार

पूसा/समस्तीपुर। अधिकतम तापमान जिस तरह से लगातार बढ़ा हुआ है। तापमान और अत्यधिक गर्मी और लू के प्रकोप से समस्तीपुर जिला सहित पूरा बिहार जूझ रहा है। आगे कुछ दिनों में बिहार में मानसून के आगमन से मौसमी बारिश एवं हवाओं से जहां तापमान गिरने का लोग इंतजार कर रहे हैं। उम्मीद है कि लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी।

इसी बीच बिजली कटौती यहाँ एक बडी समस्या बनी हुई है। हम बात कर रहे हैं पूसा कि जहाँ मंगलवार की रात से बुधवार के दोपहर तक बिजली गुल रही। उपभोक्ताओं को लगभग 15 घंटे तक लगातार बिजली संकट से जूझना पड़ा। जहां अब ग्रामीण क्षेत्र में भी जनजीवन बिजली पर आधारित हो गया है। जल संकट से आम लोगों को जूझना पड़ा। बताते चले कि इन दिनों बिजली विभाग की लापरवाही चरम पर है। इतनी लंबी कटौती होने के बाद भी उपभोक्ताओं को सूचना देना विभाग ने आवश्यक नहीं समझा। अधिकारी से लेकर पदाधिकारी तक ऑफिस से लेकर कर्मचारी तक सबके नंबर पर उपभोक्ता लगातार जानकारी जुटाते रहे की बिजली कब आएगी। इसी तरह के कई सवाल है पर इसका जवाब शायद वक्त ही दे पाएगा। मानसून के आगमन की सूचना के साथ बिजली विभाग की क्या है तैयारी! बरसेगा पानी लेकिन लोग हो जाएंगे पीने के पानी के लिए ग्रामीण क्षेत्र में बेहाल! हल्की बारिश से या हवा के हल्के झोंके पर भी ग्रामीण क्षेत्र में बिजली हो जाती है घंटे तक गायब! इसी के साथ-साथ मेंटेनेंस के सिस्टम सहित कई सवाल खड़े होते हैं। विभागीय अधिकारियों की व्यवस्था की वजह से कई सारे सवालों के जवाब नहीं मिल पाए!

## डीआरएम ने किया कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित

लोकतंत्र की आवाज




समस्तीपुर। मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन, अंतर्विभागीय राजभाषा कार्यकुशलता शील्ड का वितरण तथा हिंदी में प्रशंसनीय कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। समस्तीपुर मंडल में मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई।

जिसमें जनवरी - मार्च 2024 की अवधि के दौरान मंडल में सर्वाधिक हिंदी प्रयोग के लिए इंजीनियरिंग विभाग, समस्तीपुर को अंतर्विभागीय राजभाषा कार्यकुशलता शील्ड व सामूहिक पुरस्कार प्रदान किया जिसे वरिष्ठ मंडल इंजीनियर / समन्वय संजय कुमार को प्रदान किया गया।

हिंदी में प्रशंसनीय कार्य करने के लिए यांत्रिक / समाडि कार्यालय, नरकटियागंज में कार्यरत जूनियर .इंजीनियर श्री गोविन्द कुमार तथा स्टेशन अधीक्षक /रामभद्रपुर विनोद कुमार को प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने सर्वाधिक हिंदी प्रयोग के लिए राजभाषा शील्ड एवं सामूहिक पुरस्कार प्राप्त करने पर इंजीनियरिंग विभाग / समस्तीपुर के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तथा हिंदी में प्रशंसनीय कार्य करने के लिए पुरस्कार हेतु चुने गये कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने उपस्थित अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने विभाग में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने में हमेशा प्रयासरत रहें तथा अपने अधीनस्थों को सरकारी कामकाज में अधिक से अधिक हिंदी प्रयोग करने के लिए प्रेरित करते रहें ताकि समस्तीपुर मंडल में राजभाषा हिंदी का अधिक से अधिक प्रसार हो।

इसी बैठक के दौरान माह के सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी के तौर पर चयनित किए गए टीटीई / समस्तीपुर / टाईगर दस्ता जयन्त कुमार को भी प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सभी शाखाधिकारी तथा विभिन्न स्टेशनों के सदस्यों ने भी अपने विभाग एवं स्टेशनों पर किए जा रहे हिंदी में कार्य का विवरण प्रस्तुत किया। राजभाषा अधिकारी सह सकाधि-।प्रकाश कुमार सिंह द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया।

## जिलाधिकारी ने किया तकनीकी अधिकारियों के साथ पड़रिया घाट पुल का निरक्षण

लोकतंत्र की आवाज

अधिकारियों को दिया घाट पर सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिशिचत करने का निर्देश



मुन्ना ठाकुर

फारबिसगंज /अररिया। जिला पदाधिकारी अररिया इनात खान ने सिकटी प्रखंड क्षेत्र में बकरा नदी के पड़रिया घाट का बुधवार को सभी तकनीकी अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया गया।

इस क्रम में अंचलाधिकारी को त्वरित कार्रवाई करते हुए पड़रिया घाट पर सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। ज्ञात्वय हो कि अररिया जिला अन्तर्गत सिकटी प्रखंड क्षेत्र के बकरा नदी पर पड़रिया घाट में बना पुल मंगलवार को टूट गया था।

उन्होंने निरीक्षण के दौरान कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग एवं अपर समाहर्ता आपदा अररिया को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

वहीं जिलाधिकारी द्वारा सिकटी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न संभावित बाढ़ प्रवाहित क्षेत्र का भी निरीक्षण किया गया। मौके पर अपर समाहर्ता आपदा अररिया, अनुमंडल पदाधिकारी अररिया एवं संबंधित तकनीकी विभाग के कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

## समस्तीपुर मंडल में चलाया गया विशेष टिकट चेकिंग जाँच अभियान

- जुर्माने के रूप में वसूले गए 33 लाख 79 हजार

लोकतंत्र की आवाज



समस्तीपुर। समस्तीपुर रेल मंडल द्वारा 18 जून को पूर्व निर्धारित मेगा टिकट चेकिंग अभियान के आलोक में समस्तीपुर, दरभंगा, जयनगर, सहरसा, सिमरी बख्तियारपुर, बापूधाम मोतिहारी, रक्सौल, नरकटियागंज और सीतामढ़ी स्टेशनों पर किलाबंदी जाँच प्रातः 06 : 00 से 22 : 00 बजे तक करने का निर्णय लिया गया था। इस विशेष जाँच अभियान में मंडल के लगभग 233 टिकट जाँच कर्मियों को लगाया गया था। इन टिकट जांचकर्मियों ने स्टेशन परिसर, विभिन्न मेल/एक्सपेस एवं सवारी गाड़ियों में बिना उचित प्राधिकार के प्रवेश पर रोक लगायी तथा बिना उचित यात्रा प्राधिकार अथवा बिना टिकट/अनुचित टिकट पर यात्रा करते पकड़े गये व्यक्तियों से नियमानुसार दंड की राशि वसूल की। इस दौरान महिला एवं दिव्यांग कोचों में भी अनाधिकृत रूप से यात्रा करते पाए गये यात्रियों को भी दुसरे कोचों में यात्रा करने हेतु कहा गया। जाँच अभियान के दौरान यात्रियों को सदैव उचित यात्रा प्राधिकार के साथ ही यात्रा करने हेतु भी प्रेरित किया गया।

इस विशेष जाँच अभियान के दौरान कुल 4258 व्यक्तियों को बिना टिकट अथवा अनियमित टिकट लेकर यात्रा करते हुए पाया गया जिनसे जुर्माने के रूप में 33,79,060 ₹ की वसूली गई। मंडल में इस प्रकार जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। मंडल प्रशासन लोगों से हमेशा उचित यात्रा प्राधिकार के ही यात्रा करने का आग्रह करती है। बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करना रेलवे अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय अपराध है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी को डॉ रजनीश रंजन ने दी बधाई



लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। केन्द्र की मोदी मंत्रिमंडल में पहलीबार शामिल बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के पटना आवास पर मंगलवार को कोशी इलाके में मदन मोहन मालवीय के नाम से प्रसिद्ध लोकप्रिय शिक्षाविद डॉ रजनीश रंजन ने भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी को पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई और शुभकामना दिया। उन्होंन कहा की आप जैसे समाज के पिछड़ेपन की हमेसा आवाज बुलंद करने वाले नेता से बिहार ही नहीं देश के हर आवाम को विकास की बड़ी उम्मीद जगी है। उन्होंन कहा तीसरी बार देश में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश की सत्ता पर काबिज से देश को चौमुख विकास के पर आगे ले जाने में आपकी भुमिका काफी महत्वपूर्ण साबित होगा। केंद्रीय केबिनेट मंत्री जीतन राम मांझी ने डॉ रजनीश के इस आत्मीय मुलाकात और बधाई संदेश पर काफी प्रसंता व्यक्त किया।

### आयुक्त के आदेश पर वाद मामले में जांच की गई

लोकतंत्र की आवाज

बनमा ईटहरी सहरसा संवादाता। आयुक्त के आदेश पर अंचलाधिकारी द्वारा परिवार वाद के एक मामले की जांच को लेकर ईटहरी पंचायत के वार्ड नंबर छह में स्थलीय जांच का निर्देश दिया गया था। जिसको लेकर मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय मकदमपुर में पंचायत जनप्रतिनिधियों सहित दर्जनों ग्रामीणों को मौजूदगी में अंचलाधिकारी आशीष कुमार के द्वारा जांच किया गया जिसमें कुछ ग्रामीणों ने कहा धनश्याम पंडित के दो पुत्र होने की बात कही तो कुछ ग्रामीणों ने कहा उनके तीन पुत्र थे एक पुत्र की मृत्यु हो गया। इस दौरान अंचलाधिकारी ने वहां मौजूद सभी ग्रामीणों से लिखित के रूप में सभी से लिखवा कर लिए हैं। प्रमंडलीय आयुक्त कोशी प्रमंडल सहरसा सह प्रथम प्राधिकार के वाद के आलोक में स्थलीय जांच का आदेश प्राप्त हुआ। उक्त मामले में वार्ड के ग्रामीणों को पत्र जारी कर सभी को उपिस्थत रहने का आग्रह किया गया था।

### देसी महुआ शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

सोनवर्षा राज सहरसा संवाददाता। स्थानीय थाना पुलिस ने सोमवार को विशेष गस्ती के दौरान गुप्त सूचना पर देशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उक्त बावत सोनवर्षा राज थाना अध्यक्ष जयशंकर कुमार ने बताया कि बीते सोमवार को विशेष गस्ती के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर गोविन्द कुमार पिता नरेश चौधरी घर नगर पंचायत सोनवर्षा राज से 12 लीटर देशी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। बिहार मध निषेध आदि दर्ज कर अभियुक्त को सहरसा न्यायालय भेज दिया गया है।

### दोषी इंजीनियर संवेदक के ऊपर प्राथमिकी दर्ज कर सम्पूर्ण प्राकल्लित राशि की हो रिकवरी: कन्हैया कुमार दास



लोक तंत्र की आवाज़

अररिया। राजनीतिक मामले के जानकार एवम सीमांचल के चर्चित युवा सामाजिक कार्यकर्ता कन्हैया कुमार दास ने दो टूक शब्दों में कहा कि यही बिहार है जहां गंगा नदी पर अगुवानी घाट सुलतानगंज में निर्माणाधीन पुल हवा के झोंको से गंगा में समा गई। पड़रिया घाट पुल बिना आवागमन चालू हुए बिना बाढ़ के पहली बारिश में घ्वस्त हो गई। इसके अधिकारी तो घटिया सामग्री की बात तक नहीं कर कहते हैं कि कमी पुल में नहीं नदी में है। देखो विनोद! मामले की अंतर विभागीय एवम केन्द्रीय विशेषज्ञ एजेंसी से जब तक नहीं कराया जाएगा तब तक न्याय नहीं मिलेगी। इस प्रकरण में सभी दोषी इंजीनियर एवम संवेदक के ऊपर प्राथमिकी दर्ज दर्ज कर प्राकल्लित राशि की हर हाल में रिकवरी सरकार करे।

# अररिया: बकरा नदी के पड़रिया घाट का डीएम इनायत खान ने अधिकारियों के साथ किया स्थलीय निरीक्षण




लोक तंत्र की आवाज

अररिया। अररिया जिला अन्तर्गत सिकटी प्रखंड क्षेत्र में बकरा नदी के पड़रिया घाट आज जिला पदाधिकारी, अररिया श्रीमती इनात खान द्वारा सभी तकनीकी अधिकारियों के साथ आज स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस क्रम में अंचलाधिकारी को त्वरित कार्रवाई करते हुए पड़रिया घाट पर सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। ज्ञात्वय हो कि अररिया जिला अन्तर्गत सिकटी प्रखंड क्षेत्र के बकरा नदी पर पड़रिया घाट में बना पुल दिनांक 19.06.2024 को टूट गया था।

उन्होंने निरीक्षण के दौरान कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग एवं अपर समाहर्ता आपदा अररिया को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं जिलाधिकारी द्वारा सिकटी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न संभावित बाढ़ प्रवाहित क्षेत्र का भी निरीक्षण किया गया। मौके पर अपर समाहर्ता आपदा अररिया, अनुमंडल पदाधिकारी अररिया एवं संबंधित तकनीकी विभाग के कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

## पड़रिया घाट पुल ध्वस्त होने पर तीन इंजीनियर सस्पेंड, संवेदक को काली सूची में डालने और प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश:ग्रामीण विकास मंत्री







लोक तंत्र की आवाज़

डा. रूद्र किंकर वर्मा

अररिया। करोड़ों की लागत से बना पड़रिया घाट का पुल गिर जाने से जहां हड़कंप मच गया है वहीं इस प्रकरण में सरकार एक्शन मोड में दिखी ।इस मामले में ग्रामीण विकास मंत्री अशोक चौधरी ने तत्काल प्रभाव से तत्कालीन कार्यपालक अभियंता अंजनी कुमार, सहायक अभियंता बीरेंद्र प्रसाद एवम कनीय अभियंता मनीष कुमार को सस्पेंड कर दिया है साथ हीं संवेदक सिराजुर रहमान को काली सूची में डालने और उस पर प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया है.

मुख्य अभियंता पूर्णिया की अध्यक्षता में 4 सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया गया है. इस प्रकरण पर सिकटी विधायक विजय कुमार मंडल ने कहा कि यह पुल ग्रामीण कार्य विभाग ने बनाया था और अब इसके जिम्-?मेदारों पर कार्रवाई होगी. इस हादसे की पूरी जांच होनी चाहिए।

## दो देसी रायफल एवं दो जिंदा कारतूस के साथ दो ब्यक्ति को किया गिरफ्तार




लोकतंत्र की आवाज

सहरसा। थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक सहरसा के निर्देशन पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के जम्हरा पंचायत के भद्दी वार्ड न 20 एवं वार्ड 13 से दो देशी रायफल तथा दो जिंदा कारतूस सहित दो ब्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार ब्यक्ति हनुमान पासवान उर्फ सुमन पासवान एवं अंशु कुमार पिता सुरेश यादव के रुप मे है। इस बावत थाना अध्यक्ष पुनि अजय कुमार पासवान ने बताया की गुप्त सूचना के आलोक में कार्यवाई करते हुए हथियार जिंदा कारतूस बरामद करते हुए दोनो की गिरफ्तारी किया गया है ,इस मामले मे दोनो के उपर आर्मस एक्ट का मामला दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत सहरसा भेजा गया ।

## नदी की वक्र प्रवृति की वजह पुल गिरने का कारण हो सकती है:कार्यपालक अभियंता ई. आशुतोष कुमार रंजन

लोक तंत्र की आवाज़

डा. रूद्र किंकर वर्मा

**पड़रिया में बकरा नदी पर बना पुल धराशायी पर बोले अफसर 'कमी पुल में नहीं नदी में...'**



अररिया । पड़रिया में बकरा नदी पर बना पुल मंगलवार को धराशायी पर बोले अफसर 'कमी पुल में नहीं नदी में...' । बिहार के अररिया में पुल ध्वस्त मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के अधिकारी ने नदी को ही जिम्मेवार ठहराया है. जिसे पुल निर्माण की जांच की जिम्मेदारी दी गई थी, उसी इंजीनियर ने बताया कि नदी की प्रवृति के कारण पुल ध्वस्त हुआ है. अफसर ने पुल निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल पर एक शब्द नहीं कहा.

बता दें कि पड़रिया में बकरा नदी पर बना पुल मंगलवार को धराशायी हो गया. कुछ दिनों के बाद ही इसका उद्घाटन होना था. इस मामले में जिस अधिकारी को पुल निर्माण का निरीक्षण करना था. वही अधिकारी अब बकरा नदी की प्रवृति को ही पुल गिरने की वजह बता रहे हैं.

विदित हो कि सिकटी प्रखंड में बकरा नदी पर ग्रामीण कार्य विभाग ने 12 करोड़ की लागत से एक पुल बनाया था. ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता इंजिनियर आशुतोष कुमार रंजन को इस पुल निर्माण के जांच की जिम्मेदारी मिली थी. अब इनका कहना है कि नदी की वक्र प्रवृति की वजह पुल गिरने का कारण हो सकती है।

## सहरसा में रेलयात्री के शिकायत पर जनसेवा एक्सप्रेस ट्रेन से 13 कार्टून पानी जब्त

लोकतंत्र की आवाज




सहरसा संवाददाता। सहरसा से नई दिल्ली जाने वाली वैशाली सुपरफास्ट ट्रेन में मंगलवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। यह चेकिंग अभियान सहरसा से समस्तीपुर के बीच चलाया गया। एसीएम आरके सिन्हा के नेतृत्व में चेकिंग विभाग की टीम सहरसा से समस्तीपुर तक वैशाली एक्सप्रेस मे जांच करती गई। वही समस्तीपुर से सहरसा तक वैशाली एक्सप्रेस के प्रत्येक कोच को जांच करते हुए अधिकारी और चेकिंग विभाग की टीम सहरसा जंक्शन पहुंची।व– ही पूर्णिया कोर्ट से सहरसा होकर अमृतसर जाने वाली जनसेवा एक्सप्रेस ट्रेन से रेलयात्री की शिकायत पर लोकल ब्रांड का 13 कार्टून पीने का पानी जब्त किया।

इस ट्रेन के एक कोच में साइड वेंडर वालों ने यात्रियों की बैठने वाली सीट पर खानपान की चीज और पानी का बोतल रखकर आधे कोच पर अपना कब्जा जमा लिया था। वही बैठने की सीट नहीं मिलने पर कुछ यात्रियों ने इसकी शिकायत रेल प्रशासन से की। इसके बाद समस्तीपुर डीसीआई राजेश रंजन श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने यात्रियों की शिकायत पर जनसेवा एक्सप्रेस ट्रेन की जांच की। इस दौरान यात्रियों की बैठने वाली सीट पर से सभी सामान को नीचे उतारा गया। वही ट्रेनों में केवल रेल नीर बेचना स्वीकृत है जबकि जन सेवा एक्सप्रेस में साइड वेंडर वालों ने बिना स्वीकृत ब्रांड डॉभ एक्वा को ट्रेनों में बेचने के लिए चढ़ाया गया था। जबकि यह ब्रांड सिर्फ स्टेशन पर ही बेचने की अनुमति दी गई है। रेल अधिकारियों द्वारा जांच के दौरान 13 कार्टून पानी को जब्त कर लिया गया। वही आगे की कार्रवाई के लिए रिपोर्ट मुख्यालय भेज दी गई।

ज्ञात हो की जनसेवा और जनसाधारण जैसी ट्रेनों में खानपान और पानी बेचने के लिए साइड वेंडिंग की सुविधा दी गई है। सहरसा जंक्शन पर आरपीएफ इंस्पेक्टर वंदना कुमारी के नेतृत्व में महिला कोच दिव्यांग कोच और एसएलआर कोच में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया इसके तहत समस्तीपुर सहरसा 05550 पैसेंजर ट्रेन मैं जांच के दौरान महिला कोच में सफर करते जो पुरुष यात्री को गिरफ्तार किया गया। बाद में जिसे जमानत दे दी गई। रेलवे बोर्ड के निर्देश पर पूर्व मध्य रेलवे के सभी स्टेशनों पर आरपीएफ द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग अभियान में चेकिंग स्टाफ की टीम भी मौजूद थे।

## 5 लीटर देसी शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



पतरघट सहरसा संवाददाता। पस्तपार पुलिस ने सोमवार को गस्ती के दौरान गुफ्त सुचना मिलने पर तुरंत कार्य करते हुए जीरबा नहर चौक पर से 5 लीटर देसी शराब के साथ दो बाइक सवार को गिरफ्तार करते बाइक भी जप्त किया। पस्तपार थाना अध्यक्ष पंकज कुमार यादव ने बताया कि उनके द्वारा संध्या गस्ती के क्रम में जीरबा नहर के पास एक बाइक पर दो सवार को 5 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार करते बाइक जप्त किया गया।

गिरफ्तार दोनों में एक श्यामल राम पिता पारो राम दुसरा सूरज कुमार पिता दिनो राम साकिम पटरहा वेलदारी थाना बरहाराकोठी जिला पूर्णिया बताया जा रहा है। वहीं पस्तपार बाजार से तीन युवक को नशे की हालत में गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार युवक किशोर साह पिता टुनटुन शाह साकिम सुरोती थाना भवानीपुर जिला पूर्णिया, मनीष कुमार पिता गोहल साह घर उरियाली टोल वार्ड नंबर 06 थाना सिमरी बख्तियारपुर, सुभाष कुमार पिता स्व नंदन मेहता साकिम बांधा मुरलीगंज थाना को नशे की हालत में हंगामा करते गिरफ्तार किया। तथा सभी गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## नगर निगम में साफ सफाई के नाम पर एजेंसियो द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार की जांच की मांग

- सामाजिक कार्यकर्ता अनंत कुमार रौशन झा ने अधिकारियों को जांच के लिए आवेदन दिया

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार, अनियमितता, नाले के उड़ाही के संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता अनंत कुमार रौशन झा ने प्रमंडलीय आयुक्त जिलाधिकारी, नगर निगम आयुक्त सहित नगर एवं आवास विभाग, मुख्यमंत्री की आवेदन देते हुए आवेदन के माध्यम से ध्यान आकृष्ट करवाने का प्रयास किया है इस संबंध में लगातार अखबार और अन्य माध्यमों से ज्ञात हो रहा है कि नगर निगम में साफ सफा के नाम पर एजेंसियों द्वारा और कुछ लोगों के मिलीभगत से एक बड़ा खेल हो रहा है। एक कमिटी बनाकर इसकी जांच की जाए।

साथ ही नगर निगम में जून 2023 से लेकर आजतक जिस जिस मद में राशि का भुगतान हुआ है कृपया उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक करने विभिन्न एजेंसियों द्वारा युक्तमाल और सफाईकर्मीसहित सफाई निरीक्षक का अपन जांच किया जाए और सार्वजनिक किया जाए कि कितने व्यक्ति कार्यरत हैं ही बरसात से पूर्व की सुनिश्चित करने, नगर निगम क्षेत्र के सभी चिन्हित कोल पर पूर्णस्येण वैपर लाइट कब तक लगेगा साथ ही जहां जिस क्षेत्र में नहीं लगा हुआ है था खराब है कबतक ठीक होगा ये सुनिश्चित करने, डोर टू डोर कचरा उठाय नियमित नहीं होने की स्थिति में घरों से लेकर बाहर तक कायदे का अंबार लगा रहता है उसे नियमित करने की व्यवस्था करने सफाई कर्मियों को नियमित रूप से मासिक वेतन निर्गत करने की व्यवस्था सुनिश्चित कर खाते की जांच करने, बरसात में जलनिकासी जनितिकार्यों के प्रस्तावित कार्यों के विलम्ब होने के क्या कारण है।और कसे कार्य शुरू होगा सुनिकिकर जानकारी प्रदान करने, ऑनलाइन सभी टैक्स जमा करने, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र निर्गत करने में विलंब और घूसखोरी पर विराम लगाने तथा आवास योजना में नामित लोगों की जांच एवं लाभार्थियों को सभी का का भुगतान सुनिश्चित किए जाने की मांग की है।

## पूर्णिया के रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए महागठबंधन प्रत्याशी के रूप में बीमा भारती ने किया नामांकन

लोक तंत्र की आवाज़

पूर्णिया। नामांकन प्रक्रिया की छठे दिन महागठबंधन बुधवार को रुपौली विधानसभा उपचुनाव को लेकर महागठबंधन से राजद प्रत्याशी बीमा भारती के साथ एक अन्य प्रत्याशी ने नामांकन–पत्र दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ राजद के जिलाध्यक्ष मिथिलेश दास पूर्व विधायक दिलीप यादव राजद नेता अमोद मंडल सहित महागठबंधन के नेताओं के साथ नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे राजद प्रत्याशी निर्वाची पदाधिकारी के कक्ष में पहुंच कर अपने नामजदगी का पर्चा दाखिल किया। नामांकन पर्चा दाखिल कर वापस लौटे राजद प्रत्याशी बीमा भारती ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने जिस तरह से हम पर भरोसा जताया है उस भरोसे पर हम कायम उतरेंगे, हमें उम्मीद है रूपौली विधानसभा की जनता जनार्दन हमें पुनः विधानसभा भेजने की काम करेंगी। इससे पहले वे 5 बार रुपौली से विधायक रह चुकीं हैं। विधायक पद से इस्तीफा देने के बाद बीमा भारती ने राजद प्रत्याशी के तौर पर पूर्णिया से लोकसभा चुनाव लड़ा था। तभी से रूपौली विधानसभा सीट खाली थी। 10 जुलाई को होने वाले उपचुनाव का मुकाबला त्रिकोणीय होने की संभावना है। 20 जून को लोजपा (रामविलास) से बागी पूर्व विधायक शंकर सिंह निर्दलीय नॉमिनेशन करेंगे।



## संक्षिप्त खबरें ।

### चेडरा में जन जागरण केन्द्र के द्वारा ग्रीष्मकालीन खेलमेला का आयोजन किया गया



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी,प्रभारी झारखंड
विष्णुगढ़(हज़ारीबाग)। विष्णुगढ़ प्रखंड चेडरा में ग्रीष्मकालीन खेल मेला का आयोजन किया गया। दिनांक 18/06/2024 को में चेडरा समुदाय में छालांग परियोजना के तहत पिरामल फाउंडेशन एवं जन जागरण केन्द्र हजारीबाग के द्वारा गर्मी की छुट्टी में खेल मेला का आयोजन किया गया। खेल मेला में जनजागरण से फील्ड कोऑर्डिनेटर राहुल राज और धीरज सोनी के सहयोग से आयोजित किया गया । खेल मेला में उपस्थित गांव की ग्रामीण तथा बच्चे बच्चियां उपस्थित थे। इस मेले में विभिन्न प्रकार के खेल कराई गई । बायल्डिंग बिल्डोजर , ट्रेजर हंट, कबड्डी , डॉजबॉल, मूव और स्टॉप करवाया गया। खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया इनमें से शुभम कुमार ऋषि कुमार आर्यन कुमार निखिल कुमार । और खेल खत्म होने के बाद फील्ड कोऑर्डिनेटर राहुल राज बच्चों को बताया कि खेल से बच्चों में शारीरिक, बैद्धिक क्षमता ,मानसिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि जीवन स्वस्थ रखने के लिए खेल कूद जरूरी है। छलांग परियोजना शारीरिक और मानसिक विकास में कारगर साबित हो रहा है। स्कूल छुट्टी में बच्चे पढ़ाई के साथ साथ बच्चों के खेल भी सीख रहे हैं।


### कल 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा: डीडीसी पवन कुमार मंडल

लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
चतरा (झारखंड)। 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून 2024 को सुबह 6 बजे जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा में किया गया है। इसके सफल संचालन के लिए उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देशानुसार विकास भवन स्थित उप विकास आयुक्त के कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक हुई. बैठक में योग करें और निरोग रहें विषय पर चर्चा हुई. साथ ही इसका प्रचार–प्रसार करने का भी निर्देश दिया गया ताकि अधिक से अधिक लोग जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम पहुंचे और योग के महत्व को समझें. जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए तैयार की गयी रूपरेखा के बारे में बताया. उक्त बैठक में सिविल सर्जन चतरा जगदीश प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, जिला प्रभारी पतंजलि कुमार विवेक, योग प्रशिक्षक धर्मदेव आर्य, विनोद प्रसाद, शौर्या कुमारी, प्रियंका सिंह, प्राचार्य एसएस गर्ल्स हाई स्कूल चतरा, जिला संयुक्त अस्पताल चतरा के डाटा ऑपरेटर सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।



### गिरिडीह जिले में एक सप्ताह चलेगा मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम

लोकतंत्र की आवाज
विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)
गिरिडीह झारखंड। नशा करने वाले ,तथा नशा करने को प्रेरित करने वाले कभी स्वयं पर दोष नहीं लेते कोई गम भुलाने को तो कोई मदक पदार्थ के सेवन रुपी दलदल में उतारने को भोले भाले विद्यार्थियों को ज्यादा अपना शिकार बनाते हैं। क्या कारण है कि नवमी दशमी कक्षा में जाते–जाते कुछ छात्र नियमित रूप से धूमपान करने लग जाते हैं या कोई अन्य नशा इतना तो कहा ही जा सकता है कि माता–पिता एवं अध्यापक बच्चों पर पैनी नजर रखे तो हालत बिगड़ने से पहले संभल जाए, तथा यहां यह बात भी सिर्फ ध्यान देने योग्य ही नहीं बल्कि आवश्यक है की 18 वर्ष से कम आयु वाले को मादक पदार्थों की बिक्री गैर कानूनी है, शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर के क्षेत्रफल में मादक पदार्थों की बिक्री गैरकानूनी है। दिनांक 19 जून से 26 जून 2024 तक मादक पदार्थों के विरुद्ध गिरिडीह जिले में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है इस हेतु पपरवाटाड समाहरणालय परिसर से उपयुक्त महोदय सह जिला दंडाधिकारी श्री नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान को लेकर तीन नशा मुक्ति जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर विदा किया गया ,जिसमें निम्नलिखित विभागों के पदाधिकारी भी मौजूद थे। १. जिला जनसंपर्क पदाधिकारी २. समाज कल्याण पदाधिकारी ३.जिला खेल पदाधिकारी




# पुलिस और एटीएस की संयुक्त टीम ने रंगदारी मांगने और फायरिंग मामले में 5 अपराधियों को धर दबोचा






**बड़ी कामयाबी**

**लोकतंत्र की आवाज़**

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**बोकारो(झारखंड)।** जिला पुलिस और एटीएस की संयुक्त टीम ने प्रिंस खान गिरोह के मेजर के नाम से व्हाट्सएप कॉल और मैसेज भेज कर रंगदारी मांगने और नहीं देने पर दुकान में फायरिंग कर दहशत फैलाने के मामले का खुलासा कर लिया है. पुलिस ने मामले में बिट्टू सोनार के साथ अन्य चार सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया है.बताया जा रहा है कि बोकारो पुलिस और एटीएस की टीम ने फुसरो में स्वर्ण व्यवसाईयों से धमकी देकर रंगदारी वसूलने और फायरिंग मामले का उद्भेदन करते हुए धनबाद बोकारो में प्रिंस खान गिरोह संचालित करने वाले बिट्टू सोनार सहित उनके पांच सहयोगियों को पकड़ा है.

पकड़े गये अपराधियों के पास से फायरिंग में इस्तेमाल किया गया पिस्टल,गोली,बाइक एवंमोबाइल भी बरामद किया गया है. डीआईजी कोयला क्षेत्र सुरेंद्र झा ने इसकी जानकारी दी है.मामले में डीआईजी सुरेंद्र झा ने कहा कि प्रिंस खान विदेश में है.बिट्टू सोनार प्रिंस खान के धनबाद में नहीं रहने पर पैसा ,हथियार ,अपराधियों को जोड़ने का काम करता है.12और17जून को फुसरो फुसरो के दो ज्वेलर्स दुकानों में फायरिंग की थी डीआईजी सुरेंद्र झा ने बताया कि शांतिप्रिय इलाके में प्रिंस खान अपने अहम सहयोगी बिट्टू सोनार के साथ मिलकर इलाके खौफ का माहौल बनाना चाहता था का इसका इसका उद्वेदन पुलिस ने किया है उन्होंने बताया कि बिट्टू सोनार वर्तमान समय में धनबाद और बोकारो में प्रिंस खान गिरोह का मुख्य कड़ी है जो प्रिंस खान के विदेश भागे जाने के बाद हुआ यहां अपराधियों से संपर्क स्थापित करता था उसके बाद उन्हें हथियार और पैसे उपलब्ध कराता था और घटना के बाद उन्हें एक से दूसरे जगह भी शिफ्ट करने का काम करता था

उन्होंने बताया कि बिट्टू सोनार मेजर नहीं है जब प्रिंस खान और मेजर को एक साथ सामने लाया जाएगा तो इसकी जानकारी सभी को हो जाएगी उन्होंने बताया कि प्रिंस खान फिलहाल विदेश में रहकर गैंग को संचालित कर रहा है कागजी कार्रवाई आगे बढ़ चुकी है जल्दी दो देशों के बीच वार्ता होने के बाद प्रिंस खान को भारत लाया जाएगा बिट्टू सोनार के साथ गोलू कुमार, छोटू कुमार, अरविंद सोनार, ऋतुराज कुमार उर्फ बाबू को गिरफ्तार किया गया है जो धनबाद के मधुबन थाना और सोनाडीह के रहने वाले हैं

## कार्यकारी अध्यक्ष अनुपमा सिंह को बनाए जाने पर बधाई

**लोकतंत्र की आवाज़**



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**बोकारो(झारखंड)।** जिले के बेरमो अनुमंडल अंतगर्त आज 19.6.2024 बुधवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के अजय सिंह के नेतृत्व में कथारा क्षेत्र के लोगों ने हर्ष प्रकट करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष अनुपमा सिंह को बनाए जाने पर बधाई।केंद्रीय महामंत्री ने पत्र जारी किया।कोल इंडिया में इंटक राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन सीसीएल बीसीसीएल ? सीएमपीडीआई इ सी एल झारखंड शाखा तथा घाटो डिवीजन में संचालित है। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की केंद्रीय समिति तथा रीजनल समिति संचालित है।

अनुपमा सिंह लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के सझा प्रत्याशी के रूप में धनबाद लोकसभा क्षेत्र से बतौर प्रत्याशी घोषित हुई।अल्प समय में पूरे लोकसभा क्षेत्र में कडी मेहनत से अपनी पहचान बनाई। चुनाव परिणाम पक्ष में नहीं आने के बावजूद भी लगातार क्षेत्र में सक्रिय बनी हुई है साथ ही लोगों की समस्याओं को सुन और समझ कर उसके निदान में अपनी भूमिका का निर्वाह निरंतर जारी है। निश्चित रूप से कांग्रेस नेत्री के रूप में उभर कर सामने आई हैं। श्रमिक संगठन भी चुनाव में अपना पुरजोर समर्थन देते हुए कोयलांचल क्षेत्र में मजदूरों का एक विश्वसनीय संगठन है। यूनियन के केंद्रीय महामंत्री ने चुनाव के समय फेडरेशन तथा केंद्रीय समिति की बैठक में लिए गए फैसले के आलोक में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन का कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने का मनोयन का पत्र जारी किया है।

कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर सीसीएल रीजन में हर्ष का माहौल है। कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर कथारा क्षेत्र में लोगों ने हर्ष प्रकट करते हुए बधाई प्रेषित की है जिसमें मुख्य रूप से अजय कुमार सिंह विल्सन फ्रांसिस वेदव्यास चौबे दयाल यादव राजेश शर्मा आशीष चक्रवर्ती धनेश्वर यादव उत्तम कुमार अर्जुन रविदास राजेंद्र दास रंजय कुमार सिंह मोहम्मद आशिक इस्लाम अंसारी नसीम अख्तर मंसूर खान सी एस प्रसाद एच अधिकारी मोहम्मद सनाउल्लाह जितेंद्र पासवान रणजीत सिंह शहादत हुसैन संतोष सिंह अमनदीप सिंह सुजीत मिश्रा देवाशीष आश तुलसी नरेश रविदास बलराम गोप सुरेश महतो सुरेश ठाकुर संजय गिरी अजय कुमार अर्जुन चौहान भीखम पिंटू राय संतोष राम गौड पंचराम सहित अन्य शामिल हैं।

## स्थाई लोक अदालत का राजस्व शिविर सम्पन्न पच्चास से अधिक मामलों का जल्द होगा निष्पादन




**लोकतंत्र की आवाज़**

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**मयूरहंड(चतरा)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बुधवार को स्थाई लोक अदालत का राजस्व शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में जमीन से संबंधित दाखिल खारिज,लगान समेत अन्य मामले को लेकर लगभग 50 से अधिक आवेदन आया।कई मामले का त्वरित निष्पादन भी किया गया।शिविर में मुख्य रूप से स्थाई लोक अदालत के पदाधिकारी अरुण कुमार, संजय कुमार सिन्हा, बीडीओ मनीष कुमार, पीएलवी दयानंद शर्मा व मोजाहिर हुसैन उपस्थित थे।इस मौके पर बीडीओ ने कहा स्थाई लोक अदालत जन उपयोगी है।यहां आवेदन देकर निशल्क रूप से मामले का निष्पादन करा सकते हैं।यहां बिना खर्च का न्याय मिलता है।अगला स्थायी लोक अदालत 29 जून को आयोजित की जाएगी।इस मौके पर प्रधान सहायक जेपी शर्मा, दयानंद शर्मा, अंचल निरीक्षक सुदर्शन कुमार समेत कई कर्मी उपस्थित थे।

## चतरा: एसडीओ ने वीडीएस समिति के साथ की उच्चस्तरीय बैठक, एनटीपीसी प्रबंधन को दिये कई दिशा-निर्देश

**लोकतंत्र की आवाज़**



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड सभागार में बुधवार को एनटीपीसी से विस्थापित छः गांवो के जनप्रतिनिधियों, वीडीएस सदस्यों, एनटीपीसी प्रबंधन व प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता एसडीओ सनी राज ने किया। इस दौरान बारी–बारी से रखी गई समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

पेयजल संकट का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा। साथ हीं, लोगों को निर्बाध विद्युतापूर्ति,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टंडवा में ट्रामा सेंटर की व्यवस्था, एनटीपीसी के परियोजना क्षेत्र के छः गांवों के लिए एक एंबुलेंस की व्यवस्था, बुनियादी शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु सरकारी विद्यालय में एनटीपीसी प्रबंधन से पारा शिक्षक के अनुरूप बहाल करने,एनटीपीसी के जहरीले फ्लाई ऐश से पर्यावरण व आम जन– जीवन पर पड़ रहे दुष्प्रभावों को अविलंब रोक लगाने की बातें कही गई।

वहीं एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा पूर्व अधिगृहीत जिन जमीनों का भुगतान रैयतों को नहीं हुआ है ऐसे मामलों का निराकरण गांव–गांव में कैंप लगाकर करने के निर्देश दिये गये।

ग्रामीण सड़क से पावर प्लांट में कोयला ढुलाई के दौरान रास्ते में जमी कोयले के मोटी परत को एनटीपीसी प्रबंधन को शीघ्र साफ कराने के निर्देश दिये गये हैं। परियोजना से विस्थापित–प्रभावित गांवों में मूलभूत सुविधाओं का विकास का खाका एनटीपीसी अधिकारी तैयार करेंगे। इसके साथ हीं,वीडीएसी सदस्यों ने एनटीपीसी प्रबंधन को इंट्री पास बनाने की मांग की गई। एसडीओ ने जमीनी विवादों के समाधान हेतु सीओ विजय दास को निर्देश दिये। साथ हीं कहा कि नियमित तौर पर मासिक बैठक कर कार्य प्रगति का मूल्यांकन किया जायेगा।

इस मौके पर बीडीओ देवलाल उरांव,प्रमुख रीना देवी, जिप सदस्य सुभाष यादव,जिप सदस्या देवन्ती देवी, एनटीपीसी जीएम अजय कुमार शुक्ला, अनिल चावला, मुखिया सबीदा खातून, मुखिया सुनीता देवी, मुखिया विश्वजीत उरांव, मुखिया महेश मुंडा, कुलदीप दास,मंजूर आलम, कामेश्वर पांडे, सईद अंसारी, अक्षयवट पांडे, सुभाष दास समेत अन्य मौजूद थे।

## जिला केंद्रीय पुस्तकालय गिरिडीह को जल्द उत्थान की आवश्यकता

**लोकतंत्र की आवाज**

**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह झारखंड।** जिला केंद्रीय पुस्तकालय गिरिडीह अपने उत्थान की राह देख रहा है,क्योंकि इस पुस्तकालय में प्रवेश करने के बाद आपको कर्मचारियों की कमी अनुभव हो जाएगी, क्योंकि कर्मचारी रिटायर तो समय पर हो जाया करते हैं पर उसी स्थान पर नए कर्मचारियों की नियुक्ति ना रे बाबा ना!पुस्तकालय में विद्यार्थियों के अध्ययन करने हेतु स्थान वृद्धि करने की निहायत ही आवश्यकता क्योंकि इस जिला केंद्रीय पुस्तकालय में लगभग 750 विद्यार्थी ही अध्ययन हेतु बैठ सकते हैं इतने बड़े शहर और संख्या 1000 के आसपास भी नहीं। घोर आश्चर्य!

जिला केंद्रीय पुस्तकालय गिरिडीह जिला शिक्षा पदाधिकारी के अधिकार क्षेत्र में आता है जिससे जिला केंद्रीय पुस्तकालय में पहुंचने वाले छात्र एवं छात्राओं को बेहतर शिक्षा प्राप्त करने हेतु उच्च कोटि के पुस्तक ,तथा अध्ययन स्थल में भहती सुधार करने की पूरी गुंजाइश है और सुधार की पूर्ण रूपेण आवश्यकता भी। कहा जाता है विद्यार्थी राष्ट्र का भविष्य होते हैं तो फिर राष्ट्र के भविष्य के साथ ऐसा खिलवाड़ क्यों?



## मवि गांगपुर के 41 बच्चों का नही आया 8वीं कक्षा का रिजल्ट,उच्च शिक्षा के नामांकन में हो रही परेशानी

**लोकतंत्र की आवाज़**

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गांगपुर के आठवीं कक्षा के छात्र छात्राओं का रिजल्ट जैक द्वारा नहीं दिया गया है। जिसके कारण विद्यालय के छात्र छात्राओं का नामांकन उच्च कक्षा में नहीं हो पा रहा है।आठवीं कक्षा के रिजल्ट को लेकर विद्यालय के छात्र छात्राएं विद्यालय के साथ–साथ शिक्षा विभाग के चक्कर लग रहे हैं। बताया गया कि विद्यालय में 41 बच्चे आठवीं कक्षा में अध्यनरत थे।

इधर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार ने झारखंड अधिविधि परिषद रांची के सचिव को पत्र प्रेषित कर परिणाम जारी करने की मांग किया है। पत्र में कहा गया की शैक्षिक सत्र 2023–24 के आठवीं बोर्ड की परीक्षा फल के लिए विद्यालय द्वारा ऑनलाइन करने में भूल हो गई है। जिसके कारण रिजल्ट शो नहीं कर पा रहा है।वैसे में बच्चों का रिजल्ट विद्यालय द्वारा नहीं दिया जा रहा है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने विद्यालय की भूल को माफी करते हुए। परीक्षा परिणाम में सुधार करने की मांग किया है। वह दूसरी तरफ विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को भी पत्र प्रेषित कर परीक्षा परिणाम का आईडी एवं पासवर्ड में सुधार करने की भी मांग की है।



## उपायुक्त की अध्यक्षता में विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक में लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश

**लोकतंत्र की आवाज़**




**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**चतरा(झारखंड)।** समाहरणालय के सभाकक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिले की विकास योजनाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, जेएसएलपीएस, कल्याण विभाग, पंचायती राज समेत अन्य विभागों की समीक्षा की गयी और योजनाओं को लक्ष्य के विरुद्ध शत–प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया गया. वहीं, विशेष केंद्रीय सहायता मद, जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट, अनाबद्ध निधि से संचालित विकास योजनाओं की प्रगति की जानकारी भी वर्तमान कार्यकारी एजेंसी के कार्यपालक अभियंता से ली. पूर्ण हो चुकी विकास योजनाओं को संबंधित को हस्तांतरित करने का निर्देश दिया गया.

20 जून 2024 को राज्य नियोजना, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग एवं उद्योग विभाग, झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता डीएमएफटी भवन चतरा में जिला पदाधिकारियों के साथ जिला विकास योजनाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक करेंगे. इस अवसर पर जिला जन संपर्क कार्यालय, चतरा द्वारा नशीली पदार्थों के दुरुपयोग को समाप्त करने के लिए तैयार किए गए नशा विरोधी एलईडी अभियान वाहन को भी डीएमएफटी भवन के परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यह रथ जिले के

- 20 जून को मंत्री सत्यानंद भोगता अधिकारियों के साथ करेंगे बैठक

अनुमंडल और प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में घूम–घूम कर आम लोगों को नशे के प्रति जागरूक करेगा. इस मौके पर मंत्री भोगता योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और योजनाओं का स्वीकृति पत्र वितरित करेंगे और लाभार्थियों के बीच संपत्ति वितरण करेंगे। उक्त बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीना, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उराँव एवं संबंधित विभाग के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## टंडवा में ही कोल वाहनों पर नो-इंट्री लगाने की उठ रही है चहुंओर मांग

**लोकतंत्र की आवाज़**

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**टंडवा (चतरा)।** पिछले एक दशक में टंडवा– सिमरिया मुख्य सड़क में कोल वाहनों द्वारा अबतक हजारों जिंदगियां लील ली है, जिसपर अब पूर्ण विराम लगाने की व्यापक कवायद चहुंओर शुरू है। मुख्य तौर पर इन दिनों हजारीबाग जिले के चट्टी– बरियातु कोल परियोजना से हजारीबाग के कटकमसांडी तक टंडवा –सिमरिया मुख्य सड़क से कोयले की हो रही ढुलाई से आमलोगों में भारी आक्रोश है। बुधवार को मिश्रौल बाजार टांड़ में उक्त मामले को लेकर बैठक हुई ।

जिसमें मौजूद जेएमएम नेता मनोज चंद्रा ने नो इंट्री की मांगों का समर्थन देते हुवे कहा कि वे उपायुक्त से शीघ्र अमल में लाने हेतु इसकी समय–सीमा सौंपेंगे। अगर इसके बाद भी समुचित पहल नहीं हुआ तो वे ग्रामीणों व अपने समर्थकों के साथ सड़क में उतरकर जोरदार धरना–प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ हीं, पिछले दिनों 1 जून को रहमतनगर में कोल वाहन से हुई मजदूर की मौत मामले में घटनास्थल पर पहुंचे जनप्रतिनिधियों पर प्रशासन की ओर से की गई कार्रवाई की लोगों ने निंदा करते हुवे कहा कि इससे आमजनों के बीच प्रशासन के प्रति भारी अविश्वास उत्पन्न हुआ है। वहीं उपायुक्त से मिलकर मुकदमा वापस लेने की मांग की जाएगी। इस मौके पर रामनगीना सिंह, मोहन राणा, जितेन्द्र सिंह,महावीर साव,बनवारी साव,प्रयाग राम,नीरज तिवारी,मोहन राणा, शमीम अंसारी,चिता साव, रमज़ान मियां,अनिल वर्मा, मो.इसमाईल, बलराम साव,केशो साव समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे नो इंट्री लगाने की मांग पर सांसद विधायक उपायुक्त से मिले

नो इंट्री लगाने की चहुंओर उठ रही जोर – शोर से मांग पर बुधवार को हीं सांसद कालीचरण सिंह व विधायक किसुन दास उपायुक्त रमेश घोलप से मिलने की बातें कही जा रही है। बता दें, पिछले दिनों 1 जून को सड़क दुर्घटना में पहुंचकर सांसद ने लोगों के बीच नो इंट्री लगाने की पुरजोर वकालत कर चुके हैं। बताया जाता है कि उक्त मामले में उपायुक्त द्वारा शीघ्र समुचित पहल करने का भरोसा दिया गया है। बहरहाल, सड़क दुर्घटना में बेमौत मातम से आजिज आ चुके आमजनों की नजर अब सिर्फ धरातल में ठोस कार्रवाई पर टिकी है।



## संक्षिप्त खबरें ।

### नीट की परीक्षा अभी भी नहीं



सुलझी
विनय प्रयागराजः प्रयागराज (इलाहाबाद) उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि उस 'नीट' अभ्यर्थी ने जाली दस्तावेज प्रस्तुत किए थे, उसने अपनी याचिका में आरोप लगाया था कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) उसका परिणाम घोषित करने में विफल रही और उसकी 'ओएमआर' उत्तर-पुस्तिका फटी हुई पाई गई.अदालत ने कहा कि एनटीए इस मामले में कानूनी कार्रवाई कर सकती है. उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के निर्देश पर एनटीए ने छात्रा की मूल 'ओएमआर' उत्तर-पुस्तिका पेश की, जो सही-सलामत पाई गई. इसके बाद, अदालत ने यह टिप्पणी की. यह आदेश न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की अवकाशकालीन पीठ ने छात्रा आयुषी पटेल की याचिका पर पारित किया. अदालत ने कहा कि एनटीए इस मामले में कानूनी कार्रवाई कर सकती है.

### बाईक रोककर गाली गलौज व धमकी देने के मामले में हुई प्राथमिकी

**सुनील कुमार मिश्र**
**औरंगाबाद।** जिले के रफीगंज के नगर पंचायत गली में बा ईक रोककर एवम चाभी खींचकर गाली गलौज करने एवं धमकी देने के मामले में गुलाब बिगहा निवासी मनीष कुमार ने प्रकाश कुमार शौडिक को नामजद आरोपी बनाते हुए प्राथमिकी कराया है।उल्लेख किया कि धमकी देते हुए यह बोला कि तुम प्रमुख बन रहे हो तुमको रफीगंज से उठा लेंगे, मेरे साथ लभरी गांव निवासी रामाशीष पासवान को जाति का उच्चारण करते हुए गाली गलौज व धमकी देने लगा। चाबी मांगने पर लपड -थप्पड़ एवं मारपीट करने लगा। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि प्राथमिकी कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

### खानपुर : प्रखण्ड समन्वय समिति की बैठक का आयोजन



**दिलिपकुमार ठाकुर।**
**खानपुर/समस्तीपुर।** प्रखण्ड मुख्यालय प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कार्यालय कक्ष में भूमि सुधार उप सम्हार्ता सह वरिये पदाधिकारी खानपुर की अध्यक्षता मे प्रखंड समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिसमे प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विजय चंद्र अंचल अधिकारी मनीष कुमार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर नीतीश कुमार सिंह राणा सीडीपीओ पीओ बीसीओ बीईओ बीपीएम बीएओ जीविका की उपस्थिति में विस्तृत रूप से सभी विभाग की योजनाओं की समीक्षा की गईं। सभी विभाग आपसी सामांजस स्थापित करके सभी योजना का क्रियान्वयन करने का ससमय निर्देश दिया गया है।

### इतिहास के पन्नों में दफन हुआ अकबरनगर, कुकरैल नदी के पुनर्जीवन की राह हुई आसान

**रत्ना**
**लखनऊ।** योगी सरकार के प्रयासों और सुप्रीम कोर्ट के आदेश से इस पूरे क्षेत्र को भूमाफिया घुसपैठियों रोहिंग्या और बांग्लादेशियों के कब्जे से खाली करा लिया गया है। यहां कब्जा कर बनाए गए एक-एक अवैध मकान और बड़े-बड़े वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को जमींदोज कर दिया गया है। बुधवार तड़के आखिरी बची चार मंजिला इमारत को भी ध्वस्त कर एलडीए ने अपनी कार्रवाई को अंजाम दिया। योगी सरकार के प्रयासों और सुप्रीम कोर्ट के आदेश से इस पूरे क्षेत्र को भूमाफिया, घुसपैठियों, रोहिंग्या और बांग्लादेशियों के कब्जे से खाली करा लिया गया है। यहां कब्जा कर बनाए गए एक-एक अवैध मकान और बड़े-बड़े वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को जमींदोज कर दिया गया है।

# त्रिवेणीगंज में सेक्स रैकेट का बड़ा खुलासा: नाबालिग लड़की-महिला सहित 12 लोगों को पुलिस ने दबोचा

**लोकतंत्र की आवाज**

## घर को पूर्व उप प्रमुख ने बना रखा था लॉज




**सुपौल।** जिले के त्रिवेणीगंज में एकबार फिर सेक्स रैकेट का बड़ा खुलासा हुआ है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापा मारा तो कमरों के अंदर के हालात देखकर शर्म के मारे आंखें झुक गई। मौके से पुलिस 5 नाबालिग लड़की और 3 महिलाओं को पकड़ा गया है। त्रिवेणीगंज के पूर्व उप प्रमुख देह व्यापार का धंधा चलाता था उसे भी पुलिस ने दबोचा है साथ में 3 ग्राहकों को भी दबोचा गया है। मौके से कई आपत्तिजनक वस्तुएं भी बरामद की है,यह देह व्यापार का धंधा पिछले कई महीनों चला रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान त्रिवेणीगंज पुलिस ने मौके से कई यूज्ड और पैकिंग कंडोम, सिगरेट के डिब्बे, आईना, कैश 11 हजार 460 रूपये सहित अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किया है। पुलिस की यह कार्रवाई लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। मौके से पकड़े गए ग्राहकों ने बताया कि यहां पर लड़की लेकर आने पर दो ढाई घंटे का समय साथ बिताने के लिए मिलता है और इसके बदले में चार्ज के रूप में 250 रूपये संचालक को देना पड़ता है बताया जाता है कि जिस मकान में यह कारोबार फल फूल रहा था वहां लॉज के लिए कमरे बनाए गए थे और पिछले कुछ महीनों से यह कारोबार यहाँ काफी जोरो पर था। सूत्रों के अनुसार इस धंधे में संचालक के अलावे कई अन्य लोग भी शामिल हैं। जो पुलिस के जांच के बाद ही सामने आ सकती है। त्रिवेणीगंज एसडीपीओ विपिन कुमार के नेतृत्व में प्रशिक्षु डीएसपी नीतू सिंह,थानाध्यक्ष रामसेवक रावत और भारी संख्या में महिला और पुरुष पुलिस बलों की मौजूदगी में छापेमारी की गई। मामले को लेकर त्रिवेणीगंज एसडीपीओ विपिन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के डपरखा वार्ड नंबर 21 में प्रकाश यादव के यहां सेक्स रैकेट चलता है। जिसके बाद गुप्त सूचना के आधार पर टीम गठित कर डपरखा त्रिवेणीगंज बाजार स्थित वार्ड नंबर 21 में प्रकाश यादव के यहां छापामारी की गई तो मौके से 3 ग्राहक एवं संचालक प्रकाश यादव को मौके से पकड़ा गया है इस दौरान मौके से 8 लड़कियों को बरामद किया गया है जिसमें 5 नाबालिग लड़की है और 3 बालिग लड़की है। बरामद लड़कियों में कुछ लोकल है और कुछ बाहर की लड़कियां हैं फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## किसान गोष्ठी का आयोजन, किसान सम्मान निधि से किसानों को मिला 20 हजार करोड़ रूपए



**लोकतंत्र की आवाज**

**सुनील कुमार मिश्र**
**औरंगाबाद।** किसान योजना की 17 वीं किस्त वितरण प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र स्तरीय किसान संगोष्ठी का आयोजन रफ़ीगंज शहर के डाक बंगला स्थित पीएम के एस के इफ़को ई बाज़ार में हुआ। जिसमे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से वीडियो कम्फ्रेंसिंग के माध्यम से 9 करोड़ 26 लाख लाभार्थी किसानों को 20 हज़ार करोड़ रुपए डिजिटल इंडिया के माध्यम से किसान खाता में भेजा गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे तीसरे कार्यकाल आते ही सबसे पहले किसान सम्मान निधि योजना पर कलम चला और आगे भी किसानों के लिए मैं बेहतर कार्य करूँगा। इस मौक़े पर उपस्थित इफ़को मैनेजर अभिषेक पाठक, सहायक राणा सिंह, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह, युवा मोर्चा के ज़िला महामंत्री शुभम सिंह, महामंत्री बबलू सिंह,कोषाध्यक्ष शिवनारायण साव, विमलेश पासवान, रणजीत शर्मा , किसान श्रीराम सिंह, छोटू शर्मा, अशोक शर्मा ,धनराज शर्मा, रवि सिंह , बृहस्पत प्रसाद, संजय कुमार यादव, शंकर पासवान, जितेंद्र पासवान एवं अन्य दर्जनों किसान उपस्थित थे।

## कांग्रेस में लौटना चाहता हूं क्योंकि...', पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत का क्यों हुआ TMC से मोहभंग; बताई वजह

**लोक तंत्र की आवाज**



**रत्ना**
**लखनऊ।** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत मुखर्जी ने टीएमसी पार्टी छोड़ने का फैसला कर लिया है। वहीं अभिजीत मुखर्जी ने एक बार फिर कांग्रेस में शामिल होने की इच्छा जाहिर की है। उन्होंने कहा कि मैंने कांग्रेस के आलकमान से बातचीत की है। वहीं उन्होंने ये भी बताया कि आखिर क्यों उनका टीएमसी से मोहभंग हो गया। उन्होंने टीएमसी की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने आगे कहा कि 2.5 साल तक मैंने कांग्रेस द्वारा मुझे जो भी काम दिया गया, उसे पूरा किया। लेकिन उन्होंने मुझे पर्याप्त काम नहीं दिए, चाहे कारण कुछ भी हो। मुझे धीरे-धीरे एक खास व्यक्ति, एक खास समूह द्वारा हाशिए पर डाल दिया गया। इस बीच, ममता दीदी ने मुझे वापस बुलाया क्योंकि मैंने उनसे समय मांगा था। मैं उनसे मिला और उन्होंने मुझे टीएमसी में शामिल होने की पेशकश की।

## पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का मनाया गया जन्मदिन

**लोकतंत्र की आवाज**



**मामलोत सेख**
**उधवा।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। जानकारी के अनुसार कांग्रेस के प्रखंड उपाध्यक्ष महबूब आलम के नेतृत्व में बुधवार को चांद शहर पंचायत स्थित उनके आवास में राहुल गांधी का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। इस दौरान इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के 54 वें जन्मदिन पर बधाई देते हुए उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। वही महबूब आलम ने कहा कि राहुल गांधी देश के भविष्य है। वे महागठबंधन के चहेते नेता,गरीबों,वंचितों और पिछड़े नागरिकों के निर्विवाद नेता है।वह बेजुबानों की आवाज,कमजोरों के लिए शक्ति का स्तंभ,हमारे संविधान के संरक्षक,न्याय योद्धा और गौरवशाली भविष्य के लिए भारत की सबसे उज्ज्वल आशा है।राहुल गांधी का जन्म 19 जून 1970 को नई दिल्ली में हुआ था। वह उत्तर प्रदेश के रायबरेली और केरल के वायनाड से चुनाव जीतकर चर्चा में है। उन्होंने 4 हजार किलोमीटर भारत जोड़ो पदयात्रा कर एक मिशाल कायम की है।मौके पर जैनुल आबेदीन शेख,अनवारूल शेख, सरवर हुसैन, केबलू नदाब, केशरुल शेख,हसमत शेख,असगर शेख,राजेश नदाब,अकबर शेख, अनारूल शेख,चानू शेख,गफरूल शेख आदि थे।

## 'छठी मैया की बिटिया' शो में अभिनेत्री जया भट्टाचार्य

**देवघर।** अभिनेत्री जया भट्टाचार्य किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। फिल्म 'देवदास' से लेकर कई जैसे टीवी शोज़ में अपने उत्कृष्ट अभिनय से वे भारतीय मनोरंजन इंडस्ट्री में अपना एक महत्वपूर्ण स्थान बना चुकी हैं।यह शो एक भावनात्मक पारिवारिक ड्रामा है, जो वैष्णवी, एक अनाथ लड़की की कहानी है, जो छठी मैया को अपनी माँ मानती है। हिंदी टेलीविज़न पर पहली बार छठी मैया का चित्रण, जो बिहार और यूपी में व्यापक रूप से पूजी जाने वाली देवी हैं।शो में आस्था और भक्ति के प्रस्तुत से भक्तों का मार्गदर्शन करती हैं। इस शो में दिग्गज कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## डीएमएफटी , नीति आयोग, अनाबद्ध निधि , आकांक्षी मद अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

**लोकतंत्र की आवाज**



**मामलोत सेख**
**साहिबगंज ।**उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में डीएमएफटी , नीति आयोग, अनाबद्ध निधि, आकांक्षी मद अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। उपायुक्त ने डीएमएफटी अंतर्गत विभिन्न योजनाओं यथा पेयजल, स्वास्थ्य संबंधित योजना, आंगनबाड़ी केंद्र मरम्मत एवं नए आंगनबाड़ी भवन केंद्र का निर्माण, एवं शिक्षण सामग्री की उपलब्धता समेत कई योजनाओं के संचालन की समीक्षा की। योजनाओं की क्रमवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिन योजनाओं की निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, उन योजनाओं को तीव्र गति से पूर्ण करें। जिनकी निविदा प्रक्रिया अपूर्ण है, उनकी निविदा प्रक्रिया यथाशीघ्र पूर्ण कर कार्य सम्पन्न कराएं। जिला में नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत किये जा रहे कार्यों से संबंधित विभाग स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास परियोजना, लोक स्वास्थ्य, अभियंत्रण, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, उद्योग विभाग, श्रम संसाधन विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाएं एवं विकासात्मक कार्यों के अद्यतन स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए कार्य में तेजी लाने के निदेश दिए। बैठक में उप विकास पदाधिकारी सतीश चंद्रा, सिविल सर्जन डॉ अरविंद कुमार , जिला परियोजना पदाधिकारी अनूप कुमार, श्रम अधीक्षक धीरेंद्र नाथ महतो, कार्यपालक अभियंता एनआरइपी देवीलाल हांसदा, कार्यपालक अभियंता रमाकांत, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल शिव शंकर प्रसाद, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण प्रमंडल अजय कुमार, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई मृत्युंजय कुमार देहरी, एवं डीएमएफटी, नीति आयोग, पिरामल फाऊंडेशन के कर्मीगण उपस्थित रहे।

## मोदी सरकार में मंत्री बनने के बाद एक्शन में जयंत चौधरी, यूपी-हरियाणा के बीच पानी बंटवारे को लेकर करेंगे बैठक

**लोक तंत्र आवाज**




**विनय**
**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में पहली बार केंद्र सरकार में मंत्री बने एनडीए के घटक दल रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी गुरुवार को सहारनपुर पहुंच रहे हैं। जयंत चौधरी यहां हथनी कुंड बैराज का निरीक्षण करने के साथ ही वहीं हरियाणा और यूपी के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। माना जा रहा है कि इस बैठक में पानी के बंटवारे पर मंथन किया जाएगा।केंद्र की एनडीए सरकार में स्किल डवलपमेंट विभाग के स्वतंत्र प्रभार केंद्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी गुरुवार की सुबह आठ बजे दिल्ली से गाजियाबाद, मेरठ होते हुए सड़क मार्ग से सहारनपुर पहुंचें। इसके बाद वह बेहट होते हुए दोपहर 12 बजे हथनी कुंड बैराज पहुंचेगे।

## रेणुकास्वामी की बॉडी को ठिकाने लगाने के दिए थे 30 लाख रुपये, अब एक्टर दर्शन के फार्महाउस का खुलेगा पुराना कच्चा-चिट्ठा

**लोक तंत्र की आवाज**



**विनय**
**लखनऊ।** एक्टर दर्शन थुगुदीपा की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या श्रीधर की मौत और रेणुकास्वामी हत्याकांड के बीच कोई संबंध है ? बता दें श्रीधर एस की इस साल अप्रैल में आत्महत्या से मौत हो गई थी। घटनास्थल से एक नोट और एक वीडियो भी बरामद किया गया जिसमें उसने कहा था कि वह अपनी मौत के लिए खुद जिम्मेदार हैं। हत्या के मामले में दर्शन और उनके दोस्त पवित्रा गौड़ा समेत कुल 17 लोग आरोपी हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रेणुकास्वामी एक्टर दर्शन का बहुत बड़ा फैन था और उसने पवित्रा गौड़ा को अश्लील मैसेज भेजे थे, जिससे दर्शन नाराज हो गया था। इसी का बदला लेने के लिए एक्टर ने हत्या कर दी। रेणुकास्वामी का शव 9 जून को सुमनहल्ली में एक अपार्टमेंट के बगल में बह रहे नाले के पास मिला था।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।